PRGI NO.RAJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

भीम प्रज्ञा अलर्ट

'सफलता का रास्ता भाग्य से नहीं, बल्कि निरंतर मेहनत, सही दिशा और अडिग विश्वास से बनता है।'

# भीम प्रज्ञा

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-125 | झुंझुनू (राजस्थान) | सोमवार, 30 मार्च, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्य: 5.00

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है

### 'चलती का नाम गाड़ी: सक्रियता ही अस्तित्व की पहचान'

जीवन के सरल अनुभवों से निकली कहावतें अक्सर गहरी सच्चाइयों को अपने भीतर समेटे होती हैं। 'चलती का नाम गाड़ी' भी ऐसी ही एक कहावत है, जो न केवल एक वाहन की स्थिति को दर्शाती है, बल्कि मनुष्य के जीवन का भी सार प्रस्तुत करती है। जब तक कोई वस्तु या इंसान गतिशील है, सक्रिय है और अपने उद्देश्य की पूर्ति कर रहा है, तभी तक उसकी पहचान और उपयोगिता बनी रहती है। जैसे ही वह ठहर जाता है, उसकी कीमत कम होने लगती है। मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

एक छोटा सा प्रसंग इस बात को और स्पष्ट करता है। एक गांव में दो बैलगाड़ियां थीं। एक गाड़ी रोज खेतों में काम करती, सामान ढोती और गांव के लोगों की मदद करती। दूसरी गाड़ी नई तो थी, लेकिन मालिक ने उसे सुरक्षित रखने के नाम पर कभी इस्तेमाल ही नहीं किया। कुछ सालों बाद पहली गाड़ी पुरानी जरूर हो गई, लेकिन पूरे गांव में उसकी उपयोगिता और सम्मान था। वहीं दूसरी गाड़ी जंग खाकर बेकार हो गई। लोगों ने उसे 'खटारा' कहना शुरू कर दिया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि केवल अस्तित्व पर्याप्त नहीं है, उपयोगिता ही असली पहचान बनाती है। आज के आधुनिक समाज में भी यही सिद्धांत लागू होता है। एक व्यक्ति जब तक अपने ज्ञान, कौशल और श्रम का उपयोग करता है, तब तक वह समाज में सम्मानित रहता है। लेकिन जैसे ही वह आलस्य और निष्क्रियता को अपना लेता है, उसकी पहचान धीरे-धीरे धूमिल होने लगती है। यह केवल आर्थिक या सामाजिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी उतना ही सत्य है।

'खाट' यहां केवल एक बिस्तर नहीं, बल्कि एक मानसिक स्थिति का प्रतीक है—आलस्य, ठहराव और आत्मसंतोष की स्थिति। जब कोई व्यक्ति यह सोचकर बैठ जाता है कि अब उसे कुछ करने की आवश्यकता नहीं है, तब उसका पतन शुरू हो जाता है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि जो सभ्यताएं और व्यक्ति ठहर गए, वे समय के साथ समाप्त हो गए, जबकि जो निरंतर गतिशील रहे, उन्होंने प्रगति के नए आयाम स्थापित किए।

जीवन में सक्रियता का अर्थ केवल शारीरिक श्रम नहीं है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी जागरूक रहना है। सीखते रहना, नए विचारों को अपनाना और अपने कौशल को निखारना—ये सभी सक्रियता के ही रूप हैं। आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में तो यह और भी आवश्यक हो गया है कि व्यक्ति स्वयं को निरंतर अपडेट करता रहे। एक और प्रेरणादायक उदाहरण एक बुजुर्ग व्यक्ति का है, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी हर दिन कुछ नया सीखने का प्रयास करता था। लोग अक्सर उनसे पूछते कि इस उम्र में यह सब करने की क्या आवश्यकता है। उनका सरल सा उत्तर होता, 'जब तक मैं सीख रहा हूं, तब तक मैं जी रहा हूं।' यही सोच उन्हें समाज में सम्मान और आत्मसंतोष दोनों प्रदान करती थी।

इसके विपरीत, जो लोग अपने जीवन में ठहराव को स्वीकार कर लेते हैं, वे धीरे-धीरे आत्मविश्वास खोने लगते हैं। उनका मन नकारात्मक विचारों से भर जाता है और वे स्वयं को दूसरों पर निर्भर महसूस करने लगते हैं। यह स्थिति न केवल व्यक्ति के लिए, बल्कि उसके परिवार और समाज के लिए भी हानिकारक होती है। समाज भी उन्हीं लोगों को महत्व देता है, जो कुछ कर दिखाते हैं। केवल संभावनाएं या वादे किसी को महान नहीं बनाते, बल्कि निरंतर प्रयास और सक्रियता ही उसे ऊंचाइयों तक पहुंचाती है। इसलिए यह आवश्यक है कि हम अपने जीवन में 'चलते रहने' के सिद्धांत को अपनाएं।

इसका यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि व्यक्ति को बिना रुके केवल काम ही करते रहना चाहिए। विश्राम भी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, लेकिन वह केवल ऊर्जा प्राप्त करने के लिए होना चाहिए, न कि स्थायी ठहराव के रूप में। जब विश्राम उद्देश्य बन जाता है, तब वह 'खाट' का रूप ले लेता है और व्यक्ति को 'खटारा' बना देता है।

**अंततः**, यह कहना गलत नहीं होगा कि जीवन एक यात्रा है, और इस यात्रा में गति ही जीवन का सार है। जो व्यक्ति अपने भीतर ऊर्जा, उत्साह और कर्मशीलता बनाए रखता है, वही सच्चे अर्थों में जीवित है। इसलिए हमें चाहिए कि हम अपने शरीर रूपी गाड़ी को स्वस्थ, सक्रिय और गतिशील बनाए रखें, ताकि जीवन की राह में हम केवल अस्तित्व ही नहीं, बल्कि एक सार्थक पहचान भी बना सकें। 'चलती का नाम गाड़ी' केवल एक कहावत नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक प्रेरणादायक दिशा है—जो हमें यह सिखाती है कि रुकना नहीं, थकना नहीं, बल्कि निरंतर आगे बढ़ते रहना ही सफलता और सम्मान की कुंजी है।

## नौकरी मिली तो जल्दी छोकरी भी मिल सकती है: राज्यपाल

### अघोरी शैलेंद्रनाथ को पीएचडी उपाधि देने का विरोध, SFI ने किया प्रदर्शन

भीम प्रज्ञा न्यूज

**सीकर ।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा- आपने डिग्री तो हासिल की, लेकिन डिग्री हासिल करने के बाद आगे क्या करोगे। नौकरी मिली तो मिल जाएगी। बिजनेस करना होगा तो बिजनेस करोगे। लेकिन अपन को अच्छी नौकरी और झटपट नौकरी चाहिए। नौकरी मिली तो जल्दी छोकरी भी मिल सकती है, वरना नहीं। यह बात भी ध्यान में रखना। केवल डिग्री वाला है तो गांव-गांव घूमेगा, कि कहीं पर जॉब मिलेगी क्या। इसलिए हाथ में कौशल होना जरूरी है। राजस्थान तो कौशल की खान है। रणकपुर में भगवान महावीर का एक मंदिर है जिसे तैयार करने में 64 साल लगे। उसमें नक्काशी और कलाकारी का इतना बेहतरीन काम है। आप देखोगे तो मुंह में उंगली डालोगे कि क्या काम है। राज्यपाल ने ये बातें सीकर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावटी यूनिवर्सिटी में शनिवार को छठें दीक्षांत समारोह में कही। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यूनिवर्सिटी ने अघोरी शैलेंद्रनाथ को पीएचडी की मानद उपाधि दी। इसके विरोध में स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (SFI) के छात्रों ने प्रदर्शन किया।



### खुद की नौकरी करो, व्यापार करो और पैसे भी कमाओ

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा- दीक्षांत समारोह कोई अंत नहीं बल्कि जीवन की नई चुनौतियों की शुरुआत है। डिग्री प्राप्त की, इसका मतलब यह नहीं कि आपकी शिक्षा पूरी हो गई, यह नहीं मानना चाहिए। आपने विश्वविद्यालय में जो भी अध्ययन किया और जो भी ज्ञान प्राप्त किया, उससे देश की उन्नति और विकास कैसे हो, इसके बारे में सोचते रहो। खुद की नौकरी करो, व्यापार करो और पैसे भी कमाओ। लेकिन उसके साथ-साथ आप अपने समाज की भी चिंता करो।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में अंग्रेजों के आने से पहले 8 लाख गुरुकुल थे। उन गुरुकुल में जो बच्चे जाते थे, वे आयुर्वेद और इंजीनियरिंग भी सीखते थे। पहले डिग्री नहीं होती थी, लेकिन कला होती थी। जिसके हाथ में कौशल होगा, वह कभी भूखा नहीं रहेगा।

### लोगों का धर्मांतरण किया और काटा भी, मारा भी था

**राज्यपाल ने कहा-** भारत ने तो हजारों साल तक संकट देखे हैं, लड़ाई और आक्रमण के। यहां पर आक्रमण करने वालों ने हमारी संस्कृति को भी उखाड़ने के लिए सोचा, हमारी शिक्षा पद्धति उन्होंने बदल दी। अंग्रेजों ने भी बोला कि हमें भारत के लोगों को गुलाम बनाना है तो उनको भूखा मारना होगा। जब तक भारत के लोग भूखे नहीं रहेंगे तब तक तो अपने गुलाम नहीं बनेंगे। मुगलों का भी संकट था, उन्होंने लोगों का धर्मांतरण किया और काटा भी, मारा भी था। यह संकट भी हमने सह लिए। अभी न पेट्रोल बढ़ा, न डीजल बढ़ा और न गैस बढ़ा फिर भी लोग बोल रहे हैं यह बढ़ा, वह बढ़ा। वह लोग तो राजनीति कर रहे हैं। यह बात राजनीति की नहीं बल्कि सबके एक साथ एकजुट रहने की बात है। जो अलग चलता है उनका मत सुनो, लोग भी नहीं सुनेंगे।

### मंदिर बनाने के बाद 80 टन का पत्थर रखा गया

**राज्यपाल ने कहा-** कर्नाटक के मैसूर में भी एक मंदिर है, जो 270 फीट का है। उस मंदिर के ऊपर एक 80 टन का पत्थर लेकर गए। मंदिर बनाने के बाद 80 टन का पत्थर रखा गया। उस जमाने में तो ऐसी कोई मशीनरी नहीं थी फिर भी उन्होंने सोचा कि इस तरह से पत्थर ऊपर लेना है तो उन्होंने मिट्टी का 6 किलोमीटर का एक रैंप बनाया और हाथियों के जरिए पत्थर वहां रखा गया, यही तो इंजीनियरिंग है।

### शेखावाटी की धरती सबसे ज्यादा फौजी-अधिकारी देने वाली

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा- शेखावाटी की धरती देश को सबसे ज्यादा फौजी और अधिकारी देने वाली है। यदि व्यापार जगत की बात करें तो खासकर मारवाड़ी लोग जैसे बिड़ला, बजाज देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इतना ही नहीं, राजस्थान के व्यापारी आपको देश और विदेश में मिलेंगे।

## डीसी फतेहाबाद की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 को

### डीपीआरसी हॉल में आयोजित बैठक में डीसी करेंगे 12 मामलों की सुनवाई

भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।

**रजत विजय रंगा ।** जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 मार्च को बाद दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी हॉल) में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे।सीटीएम गौरव गुप्ता ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 2 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 10 परिवाद नये रखे गए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे निर्धारित तिथि को सही समय व स्थान पर अपने-अपने विभाग की नवीनतम रिपोर्ट के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में डीडीपीओ, जिला नगरायुक्त व एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग टोहाना, अधीक्षण अभियंता जन सेवाएं मंडल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व मुख्य डाकपाल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व डीडीपीओ, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद फतेहाबाद तथा सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फतेहाबाद से एक-एक, पुलिस अधीक्षक से 2 परिवाद तथा एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद से संबंधित 3 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।

## नारायणी देवी गर्ल्स कॉलेज सुलताना की छात्रा छाया राठौड़ ने एम.ए. होम साइंस में जीता गोल्ड मेडल

भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।

नारायणी देवी गर्ल्स कॉलेज सुलताना की छात्रा छाया राठौड़ ने एम.ए. होम साइंस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के करकमलों द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से कॉलेज व क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। कॉलेज संचालक डॉ. मंजू देवी एवं सचिव प्रमोद कुमार ने छात्रा को इस सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा इसे अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।



## खाजूवाला में बाबा साहब की 135वीं जयंती की तैयारियां शुरू, समिति का गठन

भीम प्रज्ञा न्यूज.खाजूवाला

माल कॉलोनी स्थित मेघवाल धर्मशाला में रविवार को क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और भीम सैनिकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तैयार करना था।

बैठक में सर्वसम्मति से 'अंबेडकर जयंती समारोह समिति' का गठन किया गया। इसमें सहीराम मेघवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं सुरेश मेघ और जगदीश गोठवाल को कोषाध्यक्ष, दीपक मीणा को महासचिव बनाया गया।उपाध्यक्ष के रूप में मुकेश गुमानिया, एडवोकेट मुकेश कुमार खंडेलवाल, राजू भाटी और कल्याण वाल्मीकि को जिम्मेदारी दी गई। हनीफ नागोरी को मीडिया प्रभारी और ताराचंद को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इसके अलावा सचिव, समन्वय समिति और प्रचार मंत्री सहित पूरी कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया।





### 'एक जाजम, एक समाज' का दिया संदेश

नवनियुक्त अध्यक्ष सहीराम मेघवाल ने कहा कि बाबा साहब के विचारों ने समाज को समानता और अधिकार का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि आज हर वर्ग और धर्म के लोग एक साथ बैठकर अपने अधिकारों का उपयोग कर पा रहे हैं, जो बाबा साहब के संविधान की देन है।

### 14 अप्रैल को निकलेगी विशाल रैली

समिति ने निर्णय लिया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी खाजूवाला में भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली में साइकिल, मोटरसाइकिल, कार और ट्रैक्टरों के साथ हजारों भीम सैनिक और अनुयायी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### सैकड़ों लोगों की रही भागीदारी

बैठक में रमेश कुमार, रामकुमार, हरजीराम, एडवोकेट विजय कुमार, भंवर गोठवाल, कैलाश मेहरड़ा, मुनेश मीणा, सरपंच ओम प्रकाश मेघवाल, सफी मोहम्मद सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिवं

## मेघसागर-बुडानिया में फुले-अंबेडकर वाहन रैली को लेकर बैठक, समाज में दिखा उत्साह

### निजी वाहनों के साथ अधिक भागीदारी का आह्वान, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज

भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।



महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर आयोजित फुले-अंबेडकर वाहन रैली एवं पुष्पांजलि सभा को लेकर माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा पिलानी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में मेघसागर, बुडानिया में जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक मुद्दों पर चर्चा-परिचर्चा करते हुए रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में अपने निजी वाहनों के साथ रैली में शामिल होने का आह्वान किया गया, जिस पर उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक सहमति जताते हुए बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने का भरोसा दिलाया। विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार साझा करते हुए सामाजिक एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में वही समाज सशक्त माना जाता है, जो संगठित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करता है। माली जनचेतना महारैली को समाज के इतिहास में मील का पत्थर बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि इसकी गूंज आज भी गांवों की चौपालों तक सुनाई देती है। जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि संगठित समाज की हर जगह पहचान होती है, जबकि असंगठित समाज को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने रैली को समाज की ताकत दिखाने का महत्वपूर्ण अवसर बताया। बैठक में होशियार सिंह सैनी, इंद्राज सिंह सैनी, राजेंद्र टांक, सुरेश सैनी (अध्यापक), भूराराम सैनी, लालचंद गिरदावर, रामकरण सैनी (वरिष्ठ), उदयसिंह सैनी, मनोज कुमार (अध्यापक), हीरालाल सैनी (ह्॰ इ्क्कहस्), प्रदीप सैनी, संजय सैनी, लोकेश सैनी, सुधीर सैनी, विभोर सैनी, आकाश सैनी, मुकेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, राजेंद्र (मास्टर), रमेश सैनी, राहुल कटारिया, बंशीलाल सैनी, प्रभु कटारिया, शुभम सैनी, वीरेंद्र सैनी सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

इससे पूर्व मालियों की ढाणी ढंढार में भी समाज बंधुओं के साथ बैठक कर रैली को लेकर चर्चा की गई। यहां जगदीश सैनी (अध्यापक), महेश सैनी (अध्यापक), सुभाष सैनी (व्यवसायी), पालीराम सैनी (उद्यमी) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्रा. लि., नीमराना में मैराथन का सफल आयोजन



भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** डाइकिन एयर कंडीशनिंग इंडिया प्रा. लि., नीमराना द्वारा दिनांक 29 मार्च 2026 को कर्मचारियों के लिए एक मैराथन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 600 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मैराथन का नेतृत्व चंचल पारीख, वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी दीपक कुमार, वेंकटेश, लखविंदर सिंह तथा ओमवीर भी उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मैराथन का आयोजन कर्मचारियों के स्वास्थ्य, फिटनेस एवं टीम भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ दौड़ पूरी की। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना की गई तथा इस प्रकार के आयोजनों को भविष्य में भी जारी रखने की बात कही गई। इस आयोजन से कर्मचारियों में ऊर्जा, उत्साह और टीमवर्क की भावना को और मजबूती मिली। कंपनी मैनेजमेंट ने इस आयोजन की सफलता पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह आयोजन कर्मचारियों के बीच टीम

# बच्चों को खाने पीने के सामान पर बने निशाने के बारे में भी बतायें



बच्चों को शुरु से ही खाने पीने के सामान पर बने निशाने के बारे में भी जरुरी जानकारी देनी चाहिये। इससे उन्हें सही सामान लेने में सहायता मिलेगी। इसलिए अभिभावकों का काम है कि उन्हें इसके बारे में बतायें। बच्चों को बताये कि पैकेट में किस प्रकार का सामान है उसके जानकारी ये निशान देते हैं।

इसका कारण है कि कुछ लोग शुद्ध शाकाहारी होते हैं। वहीं कुछ मांसाहारी होते हैं। कुछ लोग मीट नहीं खाते लेकिन अंडे खाते हैं।


इसलिए खाने पीने के सामान पर इसके संकेत होते हैं। सामान पर लाल या हरा निशान बना होता है। लोग इसे देखकर जान पाते हैं कि प्रोडक्ट वेज है या नॉन वेज। लाल और हरे के अलावा भी इन पैकेट्स पर कई दूसरे रंग के निशान भी होते हैं। इसमें नीला, पीला और काला शामिल है। इन रंगों का भी काफी महत्व है और इससे उस खाद्य पदार्थ के बारे में कई चीजें पता चलती है।

ये होता है मतलब

अभी तक लोगों को सिर्फ लाल और हरे निशान का ही मतलब पता है। लाल निशान वाली चीजें नॉन वेज होती है जबकि हरी शाकाहारियों के लिए बेस्ट होती है पर कई फ़ूड प्रोडक्ट्स पर नीला, पीला और काला निशान भी होता है। आपको इन रंगों का मतलब शायद ही पता होगा। आपको बता दें कि अगर किसी पैकेट पर नीला निशान है तो इसका मतलब है कि वो प्रोडक्ट मेडिकल से जुड़ा है। अगर इसपर पीला निशान है तो मतलब उसमें अंडा मिला हुआ है. वहीं काले निशान वाली चीजों में कई केमिकल्स मिलाए जाते हैं।

अगर आप किसी खाद्य पदार्थ को खरीद रहे हैं, तो उससे पहले इन निशानों को जरूर चेक कर लें। अगर आपको प्रोडक्ट में काला निशान नजर आता है तो उस चीज को भूल से भी ना खरीदे। काला निशान ये दर्शाता है कि उस खाद्य पदार्थ में जमकर केमिकल्स मिलाए गए हैं।

## नाश्ते से लेकर डिनर तक बच्चों को खिलाएं ये हेल्दी चीजें, हमेशा रहेंगे सेहतमंद



बच्चों की सेहत और विकास के लिए सही पोषण बेहद जरूरी है। बढ़ती उम्र में बच्चों को संपूर्ण पोषण देने से उनका शारीरिक और मानसिक विकास तेजी से होता है। लेकिन आजकल के जमाने में बच्चों को हेल्दी खाना खिलाना बहुत मुश्किल काम होता है। कई बार पेरेंट्स की जल्दबाजी में भी बच्चों को हेल्दी ऑप्शन खाना समझकर खिलाते हैं, वो वाकई हेल्दी नहीं होता है।

कि बच्चों को दिन की शुरुआत में होने वाले ब्रेकफास्ट, फिर लंच और डिनर में हेल्दी खिलाया जाए, तो यह उनके स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

1. हरी सब्जियां

काटने और बनाने के चक्कर में पेरेंट्स अक्सर बच्चों को फ्रोजन सब्जियां खाने के लिए दे देते हैं। लेकिन फ्रोजन सब्जियों में कई प्रकार के आर्टिफिशियल कलर्स और केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। यह चीजें बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं और उनकी ग्रोथ में रुकावट पैदा कर सकती हैं।

2. पोहा, उपमा या वर्मा सिल्ली

बच्चों को ब्रेकफास्ट में कॉर्न फ्लेक्स और पैकेज्ड फूड देने की बजाय घर पर बना पोहा, उपमा और वरामासिल्ली दे सकते हैं। पोहा, उपमा को पकाने के लिए पर्याप्त मात्रा में सब्जियों का इस्तेमाल किया जाता है। सब्जियों में कई प्रकार के मिनरल्स, विटामिन और हेल्दी फैट पाया जाता है। यह पोषक तत्व बच्चों को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

3. हलवा और खीर

खाने के बाद अगर आपका बच्चा मीठा खाता है, तो उसे पैकेट में चॉकलेट की बजाय, घर पर बना हुआ हलवा, खीर और पुडिंग दें। बाजार में मिलने वाले चॉकलेट में अतिरिक्त चीनी और प्रोसेसिंग का इस्तेमाल होता है, जो बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचाता है।

4. रोटी

सुबह के ब्रेकफास्ट या शाम के स्नैक्स के तौर पर बच्चों को ब्रेड वाले सैंडविच या ब्रेड जैम देने की बजाय रोटी देने की कोशिश करें। आप चाहें तो रोटी को विभिन्न प्रकार की सब्जियां और साग मिला सकते हैं।

5. पैकेज्ड जूस की बजाय फ्रूट जूस

बच्चों को बाजार में मिलने वाले पैकेज्ड जूस की बजाय घर पर बना हुआ फ्रूट जूस पिलाएं। ताजे फलों के रस में पर्याप्त मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो बच्चों की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

बच्चों के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन

अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में गट और हार्मोन हेल्थ कोच ने बच्चों के लिए कौन से हेल्दी ब्रेकफास्ट ऑप्शन हो सकते हैं, इसकी जानकारी भी दी है। आइए आगे जानते हैं इसके बारे में

1. नट्स और ताजे फलों के साथ पोहा
2. नारियल की चटनी और सांभर के साथ इडली
3. पनीर और सब्जियों से भरा पराठा
4. सब्जियों और मेवों के साथ बाजरा उपमा
5. नारियल की चटनी और सांभर के साथ डोसा
6. एवोकैडो और टमाटर के साथ साबुत अनाज टोस्ट
7. बेसन चीला विद वेजिटेबल स्टफिंग





# किचन में चप्पल पहनना बन सकता है दरिद्रता का कारण

**हिंदू धर्म और वास्तु शास्त्र में रसोई को घर का सबसे पवित्र स्थान माना गया है। इसे अन्नपूर्णा का वास कहा जाता है, जहां से पूरे परिवार की सेहत और ऊर्जा का संचार होता है। अक्सर हम अपने आधुनिक जीवन में कई ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जो हमारे घर की सुख-शांति और बरकत में बाधा बनती हैं। इन्हीं में से एक गंभीर गलती है- किचन में जूते-चप्पल पहनकर प्रवेश करना। वास्तु विशेषज्ञों के अनुसार, यह आदत न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह आर्थिक तंगी और दरिद्रता का भी कारण बन सकती है।**

### किचन में चप्पल क्यों है वास्तु दोष ?

वास्तु शास्त्र के अनुसार, रसोई घर में अग्नि देव का वास होता है और इसे मंदिर के समान पवित्र माना जाता है। जूते-चप्पल बाहर की गंदगी, कीटाणु और नकारात्मक ऊर्जा अपने साथ लाते हैं। जब हम इन्हें पहनकर रसोई में प्रवेश करते हैं, तो उस पवित्र स्थान की सकारात्मकता कम होने लगती है। भोजन को ब्रह्म माना गया है। चप्पल पहनकर भोजन पकाना या परोसना माँ अन्नपूर्णा का अनादर माना जाता है, जिससे घर में धन-धान्य की कमी होने लगती है।

### सेहत पर पड़ता है बुरा असर

वैज्ञानिक और स्वच्छता के नजरिए से भी किचन में जूते-चप्पल पहनना वर्जित है। जूतों के तलवों में अनगिनत बैक्टीरिया होते हैं। रसोई की फर्श पर ये कीटाणु फैलकर खाने के जरिए हमारे शरीर में पहुंच सकते हैं, जिससे परिवार के सदस्य बार-बार बीमार पड़ सकते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, पैरों में शनि और जूतों में राहु-केतु का वास माना जाता है। रसोई में इनका प्रवेश कलह और मानसिक तनाव बढ़ा सकता है।

रसोई के लिए जरूरी वास्तु नियम

यदि आप अपने घर में खुशहाली और बरकत बनाए रखना चाहते हैं, तो रसोई से जुड़े इन 5 नियमों का पालन अवश्य करें।

### चप्पल रहित रसोई

रसोई की दहलीज पर ही जूते-चप्पल उतारने की आदत डालें। यदि फर्श ठंडा होने के कारण चप्पल पहनना जरूरी हो, तो केवल रसोई के लिए अलग से 'लकड़ी' या 'साफ कपड़े' की चप्पलें रखें जिन्हें बाहर कभी न पहना गया हो।

### चूल्हे की सही दिशा

गैस का चूल्हा हमेशा आग्नेय कोण में होना चाहिए। खाना बनाते समय गृहिणी का मुख पूर्व दिशा की ओर होना सबसे शुभ माना जाता है। इससे सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है और भोजन सात्विक बनता है।

### पानी और आग की दूरी

वास्तु के अनुसार, अग्नि और जल एक-दूसरे के शत्रु हैं। इसलिए, सिंक और चूल्हा कभी भी एक-दूसरे के बिल्कुल पास नहीं होने चाहिए। इनके बीच कम से कम 2-3 फीट की दूरी होनी अनिवार्य है।

### रात की सफाई है अनिवार्य

रसोई में कभी भी रात के समय जूठे बर्तन नहीं छोड़ने चाहिए। यह सबसे बड़ा वास्तु दोष है जो कर्ज और बीमारी को न्योता देता है। सोने से पहले किचन की प्लेटफॉर्म को साफ करें और बर्तनों को धोकर ही सोएं।

### टूटे बर्तन और कबाड़ से दूरी

किचन में कभी भी चटके हुए कांच के बर्तन या टूटी हुई क्रॉकरी न रखें। साथ ही, रसोई में झाड़ू या डस्टबिन को ऐसी जगह रखें जहां वो सीधे नजर न आएं। रसोई को कबाड़ से मुक्त रखने से माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है।



# घर पर बनाएं जादुई नेचुरल फेसवॉश, चेहरा दमकेगा

आप रात में घर का बना नेचुरल फेसवॉश इस्तेमाल करें, क्योंकि इसमें किसी तरह का केमिकल नहीं होता है और इसका कोई साइड-इफेक्ट भी नहीं होगा। ऐसे में आज हम आपको घर पर नेचुरल फेस वॉश बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रदूषण, धूल और तनाव की वजह से हमारी स्किन पर बुरा असर होता है। कई लोगों को टैनिंग की समस्या हो जाती है, तो कुछ लोगों के चेहरे की रंगत डाउन हो जाती है। स्किन को ग्लोइंग और सॉफ्ट बनाने के लिए लड़कियां और महिलाएं महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं।

इन दिनों हर लड़की कोरियन ग्लास स्किन पाना चाहती है। ऐसे में आप भी रात को सही तरीके से स्किन को कोरियन स्टाइल में साफ कर सकती हैं। आप रात में घर का बना नेचुरल फेसवॉश इस्तेमाल करें, क्योंकि इसमें किसी तरह का केमिकल नहीं होता है और इसका कोई साइड-इफेक्ट भी नहीं होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर नेचुरल फेस वॉश बनाने और इस्तेमाल करने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

चावल के आटे से बना फेसवॉश

रात में हमारी स्किन खुद को रिपेयर करती है। ऐसे में अगर आप सोने से पहले फेस की अच्छे से सफाई कर लेती हैं, तो हमारी स्किन हाइड्रेटेड रहती है और डेड स्किन हट जाती है। यही कारण है कि कोरियन स्किन केयर में भी माइल्ड क्लींजिंग पर ज्यादा फोकस किया जाता है। इसके लिए चावल के आटे से बना नेचुरल फेस वॉश एकदम सही रहेगा।

सामग्री

चावल का आटा- 1 चम्मच

गुलाब जल- 2 से 3 चम्मच

दूध- 1 चम्मच

शहद- 1 चम्मच

फेस वॉश बनाने और लगाने का तरीका

एक कटोरी में चावल का आटा लें और इसमें दूध और गुलाबजल मिलाएं।

फिर एक स्मूद पेस्ट बना लें।

अब इसमें शहद डालकर पेस्ट बना लें।

रात में सोने से पहले चेहरे को वॉश करें।

फिर इस पेस्ट को फेस पर अप्लाई करें।

करीब 2 मिनट तक हल्के हाथों से फेस की मसाज करें।

अब ठंडे पानी से चेहरे को साफ कर लें।

अब मॉइस्चराइजर जरूर लगाएं।

फायदे

चावल का आट त्वचा की गहराई से सफाई करता है।

यह त्वचा पर जमी गंदगी को हटाने में मदद करता है।

दूध से त्वचा को पोषण मिलता है और त्वचा सॉफ्ट होती है।

वहीं गुलाबजल से स्किन फ्रेश महसूस करती है और फेस का नेचुरल ग्लो बढ़ता है।

शहद स्किन को ड्राई होने से बचाता है और स्किन में नमी बनाए रखता है।

वहीं इस फेस वॉश का नियमित रूप से इस्तेमाल करने से मुंहासों की समस्या कम हो सकती है। वहीं फेस के दाग-धब्बे हल्के नजर आने लगते हैं। इस फेस वॉश के इस्तेमाल से आपको कोरियन ग्लास स्किन जैसी ग्लोइंग स्किन मिलेगी।

इतनी बार करें इस्तेमाल

बता दें कि इस नेचुरल फेस वॉश को सप्ताह में कम से कम रात के समय तीन बार जरूर इस्तेमाल करें। कुछ सप्ताह में आप पाएंगी कि आपकी स्किन मुलायम, साफ और हेल्दी नजर आएगी। लेकिन इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें।

# रात में कई बार नींद से जागता है बच्चा? डॉक्टर की बात पर दें ध्यान

बहुत से पेरेंट्स इस बात से परेशान रहते हैं कि उनका बच्चा रात में कई बार जागता है और फिर से बच्चे को सुलाने के लिए खूब मशक्कत करनी पड़ती है। ऐसे में बच्चों की डॉक्टर की सलाह जरूर सुनें।

रात में कई बार नींद से जागता है बच्चा? डॉक्टर की बात पर दें ध्यान

बच्चों को समझना काफी मुश्किल होता है। खासतौर से तब जब बच्चा बोल नहीं सकता हो। पेरेंट्स अक्सर शिकायत करते हैं कि रात में उनका बच्चा कई बार जागता है और रोने लगता है। बच्चे की इस आदत की वजह से पेरेंट्स की भी नींद पूरी नहीं होती है। ऐसे में बच्चों की डॉक्टर माधवी भारद्वाज ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर बताया है कि कैसे आप रात में बच्चे के बार-बार उठने की आदत को कम कर सकते हैं। जानिए-

क्या कहती हैं डॉक्टर

बहुत से पेरेंट्स शिकायत करते हैं कि उनका बच्चा रात में बार-बार उठता है। जिसकी वजह से पेरेंट्स खासतौर से मां परेशान हो जाती हैं। जिसपर बच्चों की डॉक्टर माधवी कहती हैं कि 2 से 3 साल की उम्र में बच्चे कई बार रात में बहुत बार उठते हैं और कभी कम उठते हैं। अगर आपका बच्चा रात में कई बार उठता है तो जानिए इसे कैसे कम कर सकते हैं।

सबसे पहले इस बात पर करें गौर

बच्चों का स्लीप रूटीन रोजाना एक समय पर होना चाहिए। डेली 8 से 9 बजे के बीच में सुलाएं जिससे सर्केडियन रिदम को मेंटेन किया जा सके। लेकिन अगर आपका बच्चा कभी 10 कभी 12 या 1 बजे सोता है कोई रिदम नहीं है तो शरीर का मेलाटोनिन हार्मोन सर्केडियन रिदम या नींद को ट्रिगर करता है। वहीं अगर बच्चा देर रात तक जगता है तो स्ट्रेस हार्मोन बढ़ता है। जो रात में कई बार जगने का कारण बनता है।

स्लीप रूटीन टाइम पर है तो क्या करें

डॉक्टर कहती हैं कि बच्चे का अगर स्लीप रूटीन सही है लेकिन फिर भी रात में जगता है तो सुलाने से पहले गुनगुने पानी से नहलाएं। ऐसा करने से बच्चा बहुत रिलेक्स हो जाता है। ओवर स्टीम्यूलेशन भी कम होता है, जिससे बच्चे को रात की अच्छी नींद मिलती है और बच्चे का रात में बार-बार उठना भी कम होता है।

सोने से पहले मालिश

बच्चों के जब दांत आ रहे होते हैं तब वह काफी परेशान होता है। इसलिए बच्चे के सोने से पहले फेस, खासतौर से जबड़ों के आसपास की अच्छी तरह से मालिश करें। इसे भी स्लीप रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं।



कमरे में न हो रौशनी

अगर आपको डिम लाइट में सोने की आदत है तो इसे बंद कर दें। क्योंकि बच्चा जैसे जैसे बड़ा होता है लाइट उसे परेशान कर सकती है। कमरे में बिल्कुल अंधेरा करके सोने से बच्चे के बार-बार जागने की आदत अपने आप कम हो जाती है। क्योंकि 5-6 महीने का बच्चा एसी की लाइट को देखकर भी जाग सकता है।

को-स्लीपिंग है बेस्ट

बहुत से बच्चे ऐसे होते हैं जो अपने क्रिब में आराम से सो जाते हैं। लेकिन अगर बहुत बार बच्चा जागता है तो आप उसके साथ सोएं। आपके टच, खुशबू से बच्चा अपनी स्लीप रेगुलेट कर सकता है। अगर आपका बच्चा हर घंटे में सोकर

## बामनवास में होंगे अनेक कार्यक्रम

भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।

**पवन कुमार शर्मा ।** मारुति विकास समिति बामनवास? के संयुक्त तत्वाधान में 1 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समस्त ग्रामवासियों ने बताया की 1 अप्रैल बुधवार को रात्रि 8:00 बजे से विशाल भजन संध्या, अखण्ड ज्योति प्रसादी भव्य झांकी आदि कार्यक्रम का आयोजन जोहड़ा वाले बालाजी धाम बामनवास के प्रांगण में होगा।विशाल भजन संध्या में अर्जुन राठौड़ जयपुर, चेतन दाधिच जयपुर, सुरेन्द्र मंडल जयपुर, नरेन्द्र शर्मा जयपुर, सुरेन्द्र शर्मा बामनवास संजू शर्मा शाहपुरा की ओर से रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

## बेटी की शादी में अनोखी पहल, गमले भेंट कर दिया पर्यावरण का संदेश



भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।

**पवन कुमार शर्मा ।** मंडावा ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, दुलचास में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली। गांव के निवासी रामकुमार बुरड़क ने अपनी बेटी सुमन की शादी के मौके पर विद्यालय को 11 पौधों से सुसज्जित गमले भेंट किए। इस सराहनीय पहल का उद्देश्य विद्यालय परिसर को हराभरा बनाना और बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाना है। विद्यालय परिवार ने इस योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानाध्यापक संदीप चाहर ने कहा कि ऐसे कार्य समाज के लिए मिसाल बनते हैं और इससे बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम व जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। गांव में इस पहल की सराहना हो रही है और अन्य लोग भी इससे प्रेरणा ले रहे हैं।

## नीमराना में खुला कोटपूतली- बहरोड़ जिले का पहला आईवीएफ सेंटर, अब दिल्ली-गुड़गांव जाने की जरूरत नहीं



भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।

**रमेशचंद ।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराना में एल.एन. हॉस्पिटल में जिले के पहले आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) सेंटर का शुभारंभ किया गया है। इस सेंटर के शुरू होने से अब संतान सुख से वंचित दंपतियों को आईवीएफ उपचार के लिए दिल्ली या गुड़गांव जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, उन्हें यह सुविधा अब स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगी। आईवीएफ एक आधुनिक चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें शरीर के बाहर स्पर्म और एग को फर्टिलाइज कर भ्रूण तैयार किया जाता है और फिर उसे महिला के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह प्रक्रिया उन दंपतियों के लिए उम्मीद की किरण है, जो प्राकृतिक रूप से गर्भधारण नहीं कर पा रहे हैं। आईवीएफ विशेषज्ञ डॉ. प्रेक्षा अग्रवाल ने बताया कि आईवीएफ की जरूरत तब पड़ती है जब पुरुष में स्पर्म काउंट कम हो, स्पर्म की मोटिलिटी कम हो, महिला की फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक हो, या दंपति की उम्र अधिक हो और लंबे समय से गर्भधारण नहीं हो पा रहा हो। ऐसे मामलों में आईवीएफ एक प्रभावी विकल्प साबित होता है। आईवीएफ प्रक्रिया में महिला की ओवरी से एग निकालकर लैब में स्पर्म के साथ फर्टिलाइज किया जाता है। इसके बाद तैयार भ्रूण को गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है, जहां से गर्भावस्था की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। नीमराना स्थित एल.एन. हॉस्पिटल जिले का एकमात्र रजिस्टर्ड आईवीएफ सेंटर है, जहां आधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा आईवीएफ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस सेंटर के शुरू होने से क्षेत्र के दंपतियों को अब बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और समय व खर्च दोनों की बचत होगी।आईवीएफ एक सुरक्षित और प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, जो कई दंपतियों को माता-पिता बनने का सुख दे सकती है।

## अनामिका ने 10वीं बोर्ड में 97.50' अंक हासिल कर रचा इतिहास, मंड्रेला क्षेत्र का बढ़ाया मान

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंड्रेला।

मंड्रेला क्षेत्र के ग्रामोत्थान जीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा अनामिका ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया है। अनामिका ने विज्ञान, हिन्दी और संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक, गणित में 99 अंक तथा अंग्रेजी में 98 अंक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 50 विद्यार्थियों में से 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 26 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर निदेशक नरेंद्र पूनिया, प्राचार्य ईश्वर सिंह, सेक्रेटरी गायत्री पूनिया, अध्यक्ष वीरेंद्र पूनिया एवं परीक्षा प्रभारी संदीप भूरिया सहित स्टाफ ने छात्रा अनामिका और अन्य होनहार विद्यार्थियों का स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# ड्रा से तय हुआ नेतृत्वः सौहार्द की मिसाल हुई कायम, संतोष महंत बने अध्यक्ष, अवधेश शर्मा निर्विरोध युवा अध्यक्ष

### मंडावर ब्राह्मण समाज की आम सभा में सहमति का अनोखा फैसला, परशुराम मंदिर में गूंजी एकता की आवाज

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।



**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे के परशुराम मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित तहसील मंडावर ब्राह्मण समाज की आम सभा ने सामाजिक नेतृत्व चयन की ऐसी मिसाल पेश की, जिसमें प्रतिस्पर्धा के बीच भी सहमति और सौहार्द की अनूठी तस्वीर उभरकर सामने आई। भगवान परशुराम के सानिध्य में हुई इस सभा में अध्यक्ष पद को लेकर बनी स्थिति का समाधान जिस संयम और पारदर्शिता के साथ निकाला गया, उसने यह साबित कर दिया कि जब नीयत साफ हो तो रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं। 'जहां चाह, वहां राह' की कहावत यहां चरितार्थ होती नजर आई। निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्रातः 10 से 11 बजे तक नामांकन वापसी का समय रखा गया, लेकिन अध्यक्ष पद के दोनों प्रत्याशी संतोष महंत और मुकेश गौड़ के बीच किसी प्रकार का टकराव नहीं हुआ, बल्कि आपसी सहमति का रास्ता अपनाया गया। दोनों ने बड़े दिल का परिचय देते हुए ड्रा के माध्यम से निर्णय करने पर सहमति जताई। एक छोटे बालक द्वारा निकाली गई पर्ची में संतोष महंत का नाम आने पर उन्हें सर्वसम्मति से मंडावर तहसील ब्राह्मण समाज का अध्यक्ष घोषित किया गया, जिससे सभा में उपस्थित समाजजनों ने तालियों और जयकारों के साथ इस निर्णय का स्वागत किया। इसी क्रम में युवा इकाई के अध्यक्ष पद के लिए अवधेश कुमार शर्मा (पटेल) एकमात्र उम्मीदवार के रूप में सामने आए, जिन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध युवा अध्यक्ष चुना गया। सभा में यह भी निर्णय लिया गया कि नव निर्वाचित अध्यक्ष संतोष महंत और युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा आगामी पांच दिवस के भीतर अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन कर समाज के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, जिससे संगठनात्मक कार्यों को मजबूती और गति मिल सके।नवनियुक्त अध्यक्ष संतोष महंत ने समाजजनों के बीच आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और समाज की एकता को सर्वोपरि रखेंगे। उन्होंने 'सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है' के भाव को दोहराते हुए समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। वहीं युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा ने भी विश्वास दिलाया कि वे वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में कंधे से कंधा मिलाकर समाज की एकजुटता को सशक्त बनाने में अपनी पूरी ऊर्जा लगाएंगे।सभा के समापन पर नव निर्वाचित पदाधिकारियों का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। पूरे मंदिर परिसर में 'जय परशुराम' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और एकजुटता का संदेश दूर तक फैल गया। इस मौके पर रविंद्र हल्देनियाँ, दिलीप जोशी, बृजमोहन दास शर्मा, रिंकू हल्देनियाँ, हितेश जोशी, ओमप्रकाश शर्मा, मोहन लाल शर्मा, संदीप शर्मा, महेंद्र शर्मा, कमल नयन शर्मा, रामेश्वर शर्मा हिंगोटा, मुकेश गौड़, बाबूलाल शर्मा, नवीन तिवारी, राजेश शर्मा, मनोज शर्मा सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य ब्राह्मण बंधु मौजूद रहें।

## उदयपुरवाटी में 'मन की बात' कार्यक्रम सुना, पीएम मोदी के संदेश पर हुआ मंथन

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी



**सुमेर मीणा ।** भीम प्रज्ञा न्यूज के अनुसार रविवार को भाजपा शहर मंडल के विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि अफवाहों के बहकावे में न आएं और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को समझें। उन्होंने हाल ही में भारत की खेल उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए टी-20 विश्व कप और जम्मू-कश्मीर में रणजी ट्रॉफी जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई दी।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय वैश्विक स्तर पर चुनौतीपूर्ण है और ऊर्जा संकट जैसी समस्याएं सामने हैं। ऐसे में सभी को मिलकर इन परिस्थितियों से बाहर निकलने का प्रयास करना होगा। उन्होंने स्वार्थ की राजनीति से बचने और एकजुट होकर देशहित में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि खाड़ी देशों में रह रहे करीब एक करोड़ भारतीयों की हर संभव सहायता के लिए भारत सरकार तत्पर है। कोरोना महामारी का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि देश ने जिस तरह उससे मुकाबला किया, उसी तरह वर्तमान चुनौतियों से भी पार पा लिया जाएगा।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण राम सैनी, संयोजक अशोक कुमार, उपाध्यक्ष विनोद कुमावत, महामंत्री वीरेंद्र शेखावत, पार्षद तेजस छिपा, बूथ अध्यक्ष सुभाष सैनी, मुकेश मीणा, ओमप्रकाश सैनी, आनंद सैनी, कोषाध्यक्ष विजय कुमार चेजारा, सचिन सेन, कृष्णकांत सोनी, गौरी शंकर चेजारा, सजन चेजारा, शंकर लाल सैनी, हरि प्रसाद खेराड़ी, महेश शर्मा और विनोद सैनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल तिवाड़ी की ढाणी में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों की निकाली सम्मान रैली

### सरकारी स्कूल का रहा प्रतिशत परिणाम

भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।



कस्बे के निकटवर्ती तिवाड़ी की ढाणी बस स्टैंड पर स्थित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल का पहले वर्ष में ही स्कूल का दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट रहा इस दौरान प्रियांशी गुप्ता पुत्री विमलेश गुप्ता ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस दौरान हार्दिक सैनी ने 85.50' अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। तीसरे स्थान पर पिंकी गुर्जर ने 78.86' अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जहां स्कूल परिसर में ताराचंद फाउंडेशन नासिक व पंचवटी सेवा समिति की ओर से विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का समान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ को फूल माला व साफा पहनकर पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रज्ञा रश्मि ने क्षेत्र के लोगों को अपील करते हुए अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय में दाखिला दिलाने की अपील की इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य की ओर से आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया। भामाशाह प्रेरकों की प्रयासों से लगातार विद्यालय ऊंचाइयों की ओर बढ़ता जा रहा है। इस दौरान विद्यालय के समस्त स्टाफ व ग्रामीण स्कूल के बच्चों के साथ कोटडी क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जशन जुलूस रैली निकाली गई। भामाशाह प्रेरक सुरेंद्र पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी विद्यालय का अच्छा परिणाम रहने पर बच्चों के अभिभावक उदयपुरवाटी क्षेत्र से भी विद्यालय में दाखिला दिलाने के लिए संपर्क कर रहे हैं। अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों का एडमिशन करवाने की अपील की गई है। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रज्ञा रश्मि में बंशीधर पारीक, सुरेंद्र पारीक एडवोकेट मुकेश पारीक कमलेश पारीक कमलेश गुर्जर गिरधारी गुर्जर विमलेश गुप्ता विजय गुर्जर बंसी राणा किरण देवी मनीषा देवी रंजना शर्मा, प्रमोद गुर्जर प्रकाश गुर्जर जितेंद्र गुर्जर सहित स्कूल स्टाफ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

मंडावा की आदर्श स्कूल में ऐ-सेट एवं रेजोनेट छात्रवृत्ति परीक्षा

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार एवं वार्षिक अभिभावक-शिक्षक बैठक भी हुई आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।



**पवन कुमार शर्मा ।** फतेहपुर बाई पास स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय परिसर आज ऐ-सेट एवं रेजोनेट छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में सैकड़ों विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय में वार्षिक अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अभिभावकों के साथ विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, व्यवहार, भविष्य की योजनाओं एवं सर्वांगीण विकास पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। कैरियर गाइडेंस सेमिनार का संचालन गोविन्द सोनी द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में मार्गदर्शन देते हुए उन्हें लक्ष्य के प्रति सजग और प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल, महेश चंद्र तेतरवाल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सहित समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'ऐ-सेट एवं रेजोनेट छात्रवृत्ति परीक्षा विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को पहचानने और उसे नई दिशा देने का एक सशक्त माध्यम है। हमारा लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा का परिणाम 3 अप्रैल 2026 को जारी किया जाएगा।प्रधानाचार्य श्रवण कुमार ने परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## समरस साहित्य संस्थान की कवि-गोष्ठी सम्पन्न

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।




**रमेशचंद ।** समरस साहित्य संस्थान अलवर द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की प्रथम कवि-गोष्ठी सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अलवर के कवियों ने विभिन्न रस-रंग की कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। कवि गोष्ठी के आरंभ में मंचस्थ अतिथियों, उपस्थित कवियों व गणमान्य जनों ने सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा सीमा कालरा ने सरस्वती वंदना से कवि-गोष्ठी का सरस शुभारंभ किया। समरस साहित्य संस्थान की वर्ष 2026 में आयोजित प्रथम कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि एवं गीतकार प्रवेंद्र पंडित ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत प्रधानाचार्य सुगन चंद उपस्थित रहे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा गरीबनाथ छात्रावास के कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार उपस्थित रहे। कवि गोष्ठी में पूजा झिरिवाल ने मार्मिक कविता का चित्रण किया जिसे सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कवियत्री रूपेंद्र मेहलान ने चलो भारत की ओर गीत में भारत के यथार्थ को चित्रित किया जिस पर श्रोताओं ने जमकर तालियाँ बजाई। कवि गोष्ठी में सीमा कालरा, हरिसिंह मीरवाल जे डी राणा, डॉ विपुल कुमार भवालिया, धर्मेंद्र शर्मा, सुशांत, महेश वेदामृत, राजाराम और सुगन चंद ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं का मनोरंजन किया। कवि गोष्ठी में रूपेंद्र मेहलान को श्रेष्ठ रचना के लिए स्मृति चिह्न प्रदान किया गया। समरस साहित्य संस्थान की ओर से बाबा गरीबनाथ छात्रावास में आयोजित कवि गोष्ठी में कौशल, मोहन लाल, सपना, सुनील बायला, जितेन्द्र पोपली आदि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कवि-गोष्ठी का संचालन सुनीता शर्मा ने किया तथा सभी आगंतुकों का धन्यवाद एवं आभार समरस साहित्य संस्थान के जिलाध्यक्ष जे डी राणा ने किया।

## नीमराना में सैनी समाज की बैठकः कुरीतियों के उन्मूलन और शिक्षा के प्रसार पर जोर, महापंचायत होगी आयोजित

भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।



**रमेशचंद ।** नीमराना कस्बे के श्रीराम प्लाजा में रविवार को सैनी समाज की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महात्मा ज्योतिबा फूले संस्थान के जिला अध्यक्ष हनुमान प्रसाद सैनी ने की। बैठक में नीमराना तहसील कार्यकारिणी के विस्तार गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने और शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक के दौरान समाज में व्याप्त बुराइयों पर गंभीर मंथन करते हुए उपस्थित लोगों से समाज सुधार के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। सैनी समाज के एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्राप्त सुझावों को संकलित कर आगामी समय में एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों–नत्थूराम, जगदीश प्रसाद, बाबूलाल, रामतार सैनी, सुंदरलाल सैनी, रंजीत सैनी तथा शाहजहाँपुर सैनी समाज से रमेश सैनी–का नीमराना तहसील कार्यकारिणी द्वारा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष परमानंद सैनी, प्यारेलाल सैनी, अमिलाल सैनी, लालाराम सैनी, बहादुर सैनी, निरंजनलाल सैनी, सत्यवीर सैनी, एडवोकेट वेदप्रकाश सैनी, संजय सैनी, सोनू-मोनू सैनी, बबूलू सैनी, महावीर, प्रशांत, चिन्टू सैनी, भोजराज सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करना, शिक्षा का स्तर बढ़ाना, समाज में एकता बनाए रखना तथा संगठन और सुधार की दिशा में ठोस पहल करना रहा। बैठक में उपस्थित लोगों ने समाज हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## प्याज का रकबा बढ़ने के साथ क्षेत्र में दिख रहे हैं प्याज भण्डारण स्ट्रेक्चर

### उद्यान विभाग द्वारा 87500 रुपए अनुदान देय

### प्याज उत्पादक किसानों ने राज्य सरकार का जताया आभार

भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।



**सोहनलाल परिहार ।** राष्ट्रीय बागवानी मिशन समन्वित फसलोत्तर प्रबंधन के तहत उन किसान को जो प्याज की खेती कर रहे है, कम लागत प्याज़ भण्डारण संरचना निर्माण पर उद्यान विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। कम लागत की प्याज भण्डारण संरचना का निर्माण कृषक के द्वारा स्वयं किया जाता है।

उपनिदेशक उद्यान रेणु वर्मा ने बताया कि कम लागत की प्याज भण्डारण संरचना की 25 मै0 टन क्षमता निर्माण की डिजाईन के अनुसार निर्माण किये जाने पर 87500 रू का अनुदान स्वीकृत किया जाता है। कृषक द्वारा ट्रेक्टर ट्रोली से प्याज उतराई एवं भराई के मध्यनजर कृषक की सुविधा हेतु प्याज भण्डारण इकाई के मध्य रास्ते की चौडाई 4 फीट अथवा 8 फीट कर दोनो ही साइज अनुसार प्याज भण्डारण इकाई का निर्माण करने पर अनुदान देय है। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक मुकेश गहलोत ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा 45 प्याज भण्डारण स्ट्रेक्चर स्वीकृत किए गए हैं जो मूर्त रूप में बीकानेर, सुजासर, मालासर, नोखा, पांचू, श्रीडूंगरगढ़ के जसरासर, कुचौर, सालासर, साधासर, मसूरी, सिनियाला, मेयासर, थावरिया, अभयसिंह पुरा, झझेऊ क्षेत्र में दिखाई दे रहे हैं। प्याज़ का रकबा बढ़ने के साथ-साथ क्षेत्र में प्याज भण्डारण स्ट्रेक्चर दिखने लगे है, किसान समन्वित फसलोत्तर प्रबंधन द्वारा उत्पादन के बाद सीधे प्याज का विपणन ना करके उचित भण्डारण के पश्चात उचित बाजार भाव आने पर विपणन कर अधिक लाभ कमा रहे हैं। राज्य सरकार की इस योजना से किसानों को अच्छा लाभ मिला है इसलिए किसान राज्य सरकार का आभार जता रहें है। मालासर, बीकानेर में कृषक श्रीमती पुरा देवी पत्नी श्री मोहन राम जाट के खेत पर निर्मित प्याज भण्डारण संरचना व प्याज की खेती का निरीक्षण उद्यान विभाग अधिकारी मुकेश गहलोत, रमेश भाम्भू व लक्ष्मण सिंह शेखावत द्वारा किया गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक संपन्न, जनगणना में 90प्रतिशत कार्मिक लगाए जाने का विरोध करने का निर्णय

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम की बैठक सिटी स्कूल झुंझुनूं में आयोजित की गई, जिसमें उपशाखाओं की कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी एवं जिले से निर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत 22 मार्च को दौसा अधिवेशन में निर्वाचित प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी, संगठन महामंत्री निरंजन लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सुबेंद्र सिंह बिजारणिया एवं विशेष आमंत्रित सदस्य महेंद्र सिंह पूनियां के जिलाध्यक्ष अशोक कुल्हरी के नेतृत्व में स्वागत एवं सम्मान से हुई। प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी ने संगठन विस्तार एवं सदस्यता अभियान पर चर्चा की, जबकि संगठन महामंत्री निरंजन लाल शर्मा ने उपशाखा कोषाध्यक्षों को कैश बुक का ऑडिट करवाने व शेष सदस्यता राशि जारी करने के निर्देश दिए। प्रदेश उपाध्यक्ष सुबेंद्र सिंह बिजारणिया ने सदस्यता अभियान को प्रभावी बनाने पर विचार रखे। जिलाध्यक्ष अशोक कुल्हरी ने आगामी एक माह में ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों व जिला मुख्यालय के अधिकारियों से वार्ता का प्रस्ताव रखा तथा एसीपी प्रकरणों में देरी व जनगणना में प्रगणक लगाए जाने जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में



बताया गया कि निदेशक के निर्देशानुसार 30' से अधिक शैक्षणिक स्टाफ को जनगणना कार्य में नहीं लगाया जाना चाहिए, लेकिन शहरी वार्डों में 90' से अधिक स्टाफ को लगाया गया है, जिसे संगठन ने अनुचित बताते हुए विरोध करने का निर्णय लिया और आवश्यकता पड़ने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी। बैठक में झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष रतिराम धींवा, चिड़ावा से अमित बराला, उदयपुरवाटी से गोरूराम कुल्हरी, बुहाना से नरेश तंवर, नवलगढ़ से विजेंद्र धायल, मंडावा से रणधीर बुडानिया, पिलानी से रामकरण सैनी, अलसीसर से राजेंद्र सिंह बिजारणिया सहित रामसिंह कुल्हरी, अभिषेक कटेवा, सत्यवीर बराला, जगदीश चाहर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम 2026 की घोषणा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सीकर मार्ग में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम 2026 की घोषणा की गई। समाजसेविका श्रीमती संतोष काबरा उनके पुत्र विद्या मंदिर के पूर्व छात्र व्यवसायी अंकित काबरा ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी से ग्यारहवीं तक अपनी कक्षा में प्रथम. द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। जबकि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा 2026 में 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कृष्णा सोनी , 88.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहित कुमार वर्मा भैया पीयूष कुमार घासोलिया एवं 84. 17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विशाल जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय विकास परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विक्रांत खंडेलवाल एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुर्जर ने अपने उद्बोधन से विधार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक श्रीकुमार लखोटिया ने संबोधित करते हुए मन की मजबूती रखते हुए लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में समिति के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सरावगी, व्यवस्थापक पुरुषोत्तम मिश्रा, संरक्षक राजकुमार खीरवाल ,सक्रिय सदस्य रामस्वरूप सोमानी पुरातन छात्र मनोज मिश्र सहित स्टाफ व विधार्थी मौजूद थे।समिति के पदाधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। प्राथमिक विभाग का परीक्षा परिणाम मुरारी मिश्रा एवं उच्च माध्यमिक विभाग का परीक्षा परिणाम अशोक पारीक ने घोषित किया। अतिथियों का परिचय सूरजभान बीजला ने करवाया एवं संचालन अनूप मिश्रा ने किया।

## राम जानकी हनुमान सेवा समिति की ओर से सालासर पदयात्रियों के लिए आयोजित सेवा शिविर के पोस्टर का हुआ विमोचन




**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

राम जानकी हनुमान सेवा समिति की ओर से सनवाली गांव के पास बालाजी इंटरप्राइजेज के सामने सालासर पदयात्रियों के लिए 31 मार्च से आयोजित होने वाले दो दिवसीय सेवा शिविर के पोस्टर का विमोचन रविवार को समाजसेवी अनिल कुमार बागड़ी ने किया।

यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सैनी ने बताया कि सालासर पदयात्रियों के लिए आयोजित दो दिवसीय शिविर 31 मार्च से 01 अप्रैल तक आयोजित होगा। शिविर में पदयात्रियों के लिए आवास,चाय नाश्ता, भोजन व मेडिकल की व्यवस्था उपलब्ध रहेगी। विमोचन समारोह में सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली, नथमल मावलियों की ढाणी, विनोद कुमार गौड़, महावीर प्रसाद जाजम, मनोज कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी आदि उपस्थित थे।

## कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति की हुई बैठक



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति नवलगढ़ कार्यकारिणी की साधारण सभा की बैठक 29 मार्च 2026 रविवार को कुम्हारों की प्याऊ, छोटा बस स्टैंड पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारिणी के अध्यक्ष सीताराम घोड़ेला ने की। सचिव सुरेश कारगवाल ने बैठक लेते हुए सभी पदाधिकारी व कार्यकारी सदस्यों का स्वागत किया एवं विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए सुझाव आमंत्रित किये। बैठक में उपाध्यक्ष ताराचंद लोहानीवाल ने शिक्षा व संस्कारों के माध्यम से समाज में नई दिशा और दशा देने पर बल दिया। समाज बंधुओ ने नवलगढ़ क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगामी समय में सम्मानित करने का लक्ष्य भी सुझाया। बैठक के दौरान अध्यक्ष सीताराम घोड़ेला, उपाध्यक्ष ताराचंद लोहानिवाल, राजूराम किरोड़ीवाल, सचिव सुरेश कारगवाल, संगठन मंत्री सांवरमल टॉक, विनोद लोहानीवाल जनार्दन घोड़ेला, रामनाथ लोहानीवाल, सुंदरमल गुरी उपस्थित रहे।

# लोहिया स्कूल में राजस्थानी संस्कृति का जादू: छाछ-राबड़ी के साथ मनाया राजस्थान दिवस, लोक रंग में रंगे बच्चे

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

स्थानीय लोहिया स्कूल में रविवार को राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में 'अभिभावक-अध्यापक बैठक' (PTM) के साथ एक भव्य सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर मरुधरा की सतरंगी संस्कृति और लोक परंपराओं के रंग में रंगा नजर आया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा धारण की गई पारंपरिक वेशभूषा रही। बच्चों ने न केवल परिधान पहने, बल्कि उन पात्रों के अनुरूप राजस्थानी संवाद बोलकर सबका दिल जीत लिया जहां शिवालिका, बरखा और युवराज गौरवशाली राजपूती पहनावे में नजर आए। वीरेंद्र और हिमांशी बंजारा वेशभूषा में अपनी कला का प्रदर्शन किया। पायल और तन्मय जाट संस्कृति की झलक पेश की। कोमल और नैतिक गुर्जर पहनावे में सज्ज दिखे।

नव्या: पनिहारी के रूप में राजस्थानी लोक जीवन को जीवंत किया। आधुनिकता के दौर में नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने खान-पान में भी नवाचार किया। कार्यक्रम में आगंतुकों के लिए छाछ-राबड़ी और भुंगड़ों के जलपान की विशेष व्यवस्था की गई, जिसकी अभिभावकों ने मुक्त कंठ से सराहना की।




इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन निदेशक राम सिंह नेहरा, जगपाल यादव, अभय सिंह बडेसरा, इंग्लिश मीडियम प्रिंसिपल प्रमोदिनी दुबे, हिंदी मीडियम प्रधानाचार्या प्रमिला झाझड़िया और सचिव प्रदीप नेहरा ने किया। चेयरपर्सन ममता नेहरा और पूरणमल गजराज ने भी बच्चों के उत्साह की प्रशंसा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में दीपक शर्मा, कविता सोनी, सीमा शर्मा, सिमरन, माया, काजल, मुनेश, बबीता जांगिड़, समता, राजेश मान, अनीता पूनिया और समस्त विद्यालय स्टाफ का सक्रिय योगदान रहा।

> ऐसे आयोजनों से न केवल बच्चों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा होती है, बल्कि वे अपनी समृद्ध संस्कृति और जड़ों से भी जुड़ते हैं। यह विद्यालय का एक सराहनीय नवाचार है -
> **उपस्थित अभिभावक**

# सरकारी सेवा में चयनित राहुल बागड़ी ने छात्रावास पहुंच कर रचा इतिहास, विद्यार्थियों को किया प्रेरित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

सरकारी सेवा में चयनित होने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ के सबसे पहले विधार्थी के रूप में सफलता का परचम लहराते हुए रिकॉर्ड कायम कर कीर्तिमान स्थापित कर इतिहास रचने वाले फतेहपुर के युवा राहुल बागड़ी ने मध्यप्रदेश के भोपाल रेलवे विभाग में जोइनिंग देने के बाद अपने पैतृक गांव फतेहपुर जाने के बजाय पहले अपनी सफलता का श्रेय देने व आभार जताने के लिए पहले महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास लक्ष्मनगढ पहुंचें । जहां राम जानकी हनुमान मंदिर के दर्शन कर मंगल कामना की तथा विधार्थियों से सरकारी सेवा में चयनित होने व जोइनिंग के अनुभव साझा करते हुए विधार्थियों से छात्रावास में अनुशासन बनाए रखने व कड़ी मेहनत कर पढ़ाई पर ध्यान देने की बात कहते हुए नवांगतुक विधार्थियों के लिए हरसंभव मदद का विश्वास दिलाते हुए छात्रावास के



विकास के लिए संकल्पित रहने की बात कही। यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष झाबरमल माली ने बताया कि राहुल बागड़ी छात्रावास के पहले विधार्थी है जिसने सरकारी सेवा में सफलता हासिल की। इस अवसर पर बाबूलाल सैनी, गोविंद सैनी, अनिल सैनी, अंकित सैनी, संदीप सैनी, युवराज सैनी सहित छात्रावास के पदाधिकारी सदस्य व विधार्थी मौजूद थे।

# रबी फसल खरीद सीजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद, मंडियों में चाक-चौबंद प्रबंध के निर्देश

**रबी फसल खरीद सीज़न प्रबंधों बारे सीएम ने वीसी के ज़रिए अधिकारियों से ली प्रबंधों की जानकारी**

**डीसी ने सभी एजेंसियों से नियमानुसार फसल खरीद लेने के दिए निर्देश**

**डीसी डॉ. विवेक भारती ने हैफेड, डीएफएससी, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों की ली बैठक**

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फ़तेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार देर सायं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों व संबंधित अधिकारियों के साथ रबी फसल खरीद सीजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मंडियों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के स्पष्ट निर्देश दिए। वीसी के उपरांत डीसी डा. विवेक भारती ने लघु सचिवालय के वीसी रूम में एसडीएम सहित हैफेड, डीएफएससी, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, कृषि, कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर खरीद प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी, व्यवस्थित एवं समयबद्ध तरीके से फसल खरीद सुनिश्चित की जाए। बैठक में अधिकारियों ने अवगत करवाया कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुसार मंडियों व खरीद केंद्रों पर भंडारण, बारदाना तथा अन्य आवश्यक संसाधनों के पर्याप्त प्रबंध कर लिए गए हैं। फसल खरीद, उठान और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए समन्वित कार्य योजना लागू की जा रही है, ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो सके।

**मंडी में पर्याप्त मात्रा में हो सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक मशीन**

डीसी डा. भारती में सभी मार्केट कमेटी सचिव से कहा कि वे अपनी अपनी मंडियों और खरीद केंद्रों पर प्रवेश और निकासी द्वार पर सीसीटीवी लगवाना



सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी मंडियों में बायोमेट्रिक डिवाइस की उपलब्धता सुनिश्चित करे। किसान की फसल खरीद के समय बायोमेट्रिक सत्यापन होना अनिवार्य है इसलिए यह निर्बाध रूप से जारी रहनी चाहिए, इसके लिए सभी प्रकार की आवश्यक प्रबंध रखें। उन्होंने कहा कि किसान स्वयं या उनके द्वारा नॉमिनेट व्यक्ति के द्वारा फसल बेच सकता है, जिसकी डिवाइस से बायोमेट्रिक सत्यापन होगा। मंडी में प्रवेश द्वार पर फसल लाने वाले वाहन की फोटो अवश्य ली जानी आवश्यक है। डीसी ने विशेष रूप से ई-खरीद पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए कहा कि गेट पास जारी करने, फसल तुलाई और भुगतान से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडियों में साफ-सफाई, पीने के पानी, शौचालय, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखी जाएं, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि खरीद सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्थाएं तुरंत लागू की जाएं। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य किसानों की फसल की निर्बाध खरीद और उन्हें समय पर भुगतान करना है।बैठक में एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, डीएसपी संजय कुमार, डीएफएससी कुशल बूरा, डीआईओ सिकंदर, जीएम हेफेड मांगेराम बेनीवाल, डीडीए राजेश सिहाग सहित विभिन्न खरीद एजेंसियों के अधिकारी और मार्केट कमेटी के अधिकारी मौजूद रहे।

# सर्व समाज एकता मंच की बैठक में अम्बेडकर-फूले जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तय

## 11 अप्रैल की वाहन रैली को मिला व्यापक समर्थन, महापुरुषों के विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान

### खटिकान मंदिर में द्वितीय चरण की बैठक सम्पन्न, विभिन्न समाजों की सक्रिय भागीदारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

सर्व समाज एकता मंच झुंझुनूं के बैनर तले अम्बेडकर-फूले जयंती को लेकर द्वितीय चरण की बैठक खटिकान मंदिर में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन मंच के संयोजक प्रदीप चन्देल द्वारा किया गया, जबकि अध्यक्षता माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने की। बैठक में आगामी फुले-अंबेडकर जयंती समारोह एवं वाहन रैली की रूपरेखा तैयार की गई। अध्यक्षीय उद्बोधन में महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और महात्मा ज्योतिबा फूले ऐसे महान व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। अन्त में माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं के जिलाध्यक्ष ने ध्वनिमत के साथ 14 अप्रैल को झुन्झुनू मे बाबासाहेब अम्बेडकर की जयंती विशाल वाहन




रेली के लिए अपना समर्थन दिया। संयोजक प्रदीप चन्देल ने कहा कि महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त और समरस भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली वाहन रैली को मंच की ओर से पूर्ण समर्थन देने के साथ अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर राजेश बजाड़ ने कहा कि महात्मा फूले और बाबासाहेब अम्बेडकर के संघर्षों के कारण ही आज समाज को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। वहीं सुभाष डिग्रवाल और बसंत वाल्मीकि ने अपने संबोधन में कहा कि महापुरुषों के विचारों को केवल जयंती तक सीमित न रखते हुए उन्हें जीवन में आत्मसात करना आवश्यक है। विजय नायक, राजेश आलडिया, बबलू सारवान, विजय चावला, पवन आलडिया, किशन नायक, धर्मपाल बंसिवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी रैली को लेकर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

बैठक में बाघसिंह तोमर, रामसिंह नावरिया, किशनलाल नायक, बाबूलाल सैनी, सुगनलाल मीणा, बंसीलाल नायक, रामसिंह नायक, विजय यादव, विनोद मीणा, अमरसिंह, शंकर लाल, बजरंग लाल जाटिया, ओम सिंह मीणा, रामनिवास नायक, बाबूलाल सैनी, राहुल कुमार सैनी, बबूलाल साखला, बलबंत चावरिया, विनोद खन्ना, राजेश सैनी, दिनेश सैनी, बलराम सैनी, मोहनलाल सैनी, रामविलास नावरिया, पवन नावरिया, राहुल चावरिया, दीनदयाल सैनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नैन्सी चौधरी का सॉफ्टबॉल 14 वर्षीय छात्रा वर्ग में हुआ राष्ट्रीय स्तर के लिए अंतिम रुप से चयन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

घस्सू निवासी एवं वर्तमान में भारतीय पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्रा नैन्सी चौधरी का 14 वर्षीय सॉफ्टबॉल छात्रा वर्ग में अंतिम रूप से चयन हुआ है। निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग बीकानेर के द्वारा जारी आदेशानुसार चयनित 25 छात्राओं का प्री कैंप राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनियाणा कुम्भलगढ़ राजसमंद में 28 एवं 29 मार्च को आयोजित किया गया है। प्री कैंप के पश्चात छात्रा नैन्सी चौधरी का अंतिम रूप से राष्ट्रीय स्तर हेतु राजस्थान राज्य की टीम में चयन हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर 14 वर्षीय छात्रा सॉफ्टलबॉल गेम्स का आयोजन दिल्ली में 14 अप्रैल से होगा ।नैन्सी चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता



सरोज थालौड़ शारीरिक शिक्षक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालासीअपने पिता विकास भास्कर असिस्टेंट प्रोफेसर उत्तर प्रदेश आयुर्वेद विज्ञान विश्वविद्यालय , सैफई ( यूपी) अपने दादाजी रिछपाल सिंह भास्कर पूर्व प्राचार्य राजकीय जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र एसके सीकर दादीजी पतासी देवी अंकल डॉ अटल भास्कर पीएमओ जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ मौसी डॉ कविता चौधरी वरिष्ठ गायनिक विशेषज्ञ, ताऊ डॉ सुरेंद्र भास्कर वर्तमान तहसीलदार मंडावा, इतिहासकार अरविंद भास्कर आदि के साथ भारतीय स्कूल के डायरेक्टर रामस्वरूप महला,कविता महला एवं अन्य समस्त गुरुजनों एवं परिजनो को दिया है। छात्रा नैन्सी का इससे पहले भी जिला एवं राज्य स्तर पर चयन हो चुका है ।

# श्री ढाढणवाली दादीजी का बीसवां वार्षिकोत्सव एवं विराट भजन संध्या कल

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

श्री ढाढण दादी परिवार लक्ष्मणगढ़ का बीसवां वार्षिक उत्सव एवं विराट भजन संध्या 31 मार्च को माहेश्वरी भवन लक्ष्मणगढ़ में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव में दादी जी का विशेष अलौकिक श्रृंगार अखंड ज्योति भव्य दरबार एवं छप्पन भोग मुख्य आकर्षण रहेंगे। दादी परिवार के संदीप बजाज एवं नरेश बजाज ने बताया की कार्यक्रम में देश के अलग-अलग स्थानो से दादी भक्त भाग लेंगे वार्षिकोत्सव में प्रतिष्ठित भजन गायक कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी

दादी परिवार के अध्यक्ष सुशील बजाज एवं मंत्री मुकेश बजाज ने बताया की लक्ष्मणगढ़ से पवन शर्मा निर्मल अजमेर से तेजस राणा जयपुर से रीतू पाण्डे जयपुर से महेंद्र स्वामी एवं बूंदू भाई जयपुर मुख्य रूप से गायककार रहेंगे ! इसके अलावा स्थानीय गायक भी अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगे ।दादी परिवार के उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज पुनीत बजाज एवं राजेश बजाज ने बताया कि इस भव्य वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए अभिषेक बजाज विनोद बजाज प्रफुल्ल बजाज सुमित बजाज दिनेश बजाज सुरेश बजाज अंकित बजाज पीयूष बजाज सहित सभी दादी भक्त तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड चयन समिति की मीटिंग आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



समाजसेवी आनंद कुमार बागड़ी की पुण्यतिथि पर 13 अप्रैल को आयोजित होने वाले शेखावाटी स्तरीय महात्मा ज्योतिबा फुले अवार्ड 2026 के लिए संतरा देवी आनंद कुमार बागड़ी मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से गठित चयन की मीटिंग आनंद विला बागड़ी कोठी में ट्रस्ट के संरक्षक अनिल कुमार बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक मनोज कुमार राकसिया ने बताया कि मीटिंग में फुले अवार्ड 2026 के लिए विभूतियों के नामों पर विचार किया गया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर सरकारी सेवा चयनित सैनी युवाओं के सम्मान के लिए आयें नामों पर विचार किया जाकर अतिथियों के आमंत्रण,मंच संचालन सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित नामों की सूची ट्रस्ट को भेजी गई है जो 31 मार्च को घोषित की जायेगी। इस अवसर पर अनिल कुमार बागड़ी, सज्जन कुमार सैनी, महेंद्र कुमार माली, नथमल मावलियों की ढाणी, विनोद कुमार गौड़, मनोज कुमार राकसिया, महावीर जाजम बाबूलाल सैनी सहित समिति के सदस्य मौजूद थे।

# विवेकानंद इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज, पत्रकार संघ और पंचायती राज विभाग आमने-सामने

## रोमांचक मुकाबलों के बाद दोनों टीमें पहुंची फाइनल में, नेहरू मैदान में होगा निर्णायक मैच

**भीम प्रज्ञा न्यूज़ खेतड़ी नगर।**

खेतड़ी नगर के नेहरू मैदान में आयोजित विवेकानंद इंटर डिपार्टमेंट क्रिकेट टूर्नामेंट अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। सोमवार को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में पत्रकार संघ और पंचायती राज विभाग की टीमें आमने-सामने होंगी। 23 मार्च से शुरू हुई इस डे-नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में उपखंड क्षेत्र के विभिन्न विभागों की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया।



खेतड़ी नगर के नेहरू मैदान में रविवार की रात दूधिया रोशनी में क्रिकेट प्रतियोगिता का रोचक मुकाबला

प्रतियोगिता के दौरान कड़े मुकाबले देखने को मिले और सभी टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता प्रशासनिक कार्यों के बीच समन्वय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई, जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों ने दिनभर के कार्य के बाद रात्रिकालीन समय में उत्साह के साथ भाग लिया। रविवार रात खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में पत्रकार संघ (मीडिया टीम) ने विद्युत विभाग को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मीडिया टीम ने 15 ओवर में 161 रन बनाए। जवाब में विद्युत विभाग की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 97 रन पर सिमट गई। दूसरे सेमीफाइनल में पुलिस विभाग की टीम, डीएसपी जुल्फिकार अली के नेतृत्व में मैदान में उतरी, लेकिन पंचायती राज विभाग की टीम ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए पुलिस टीम को बड़े अंतर से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल मुकाबला पत्रकार संघ और पंचायती राज विभाग के बीच खेला जाएगा, जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह है।



मीडिया की टीम ने सेमीफाइनल मैच जीता मैन ऑफ द मैच भीम प्रज्ञा के रिपोर्टर जतिन जांगिड़ रहें

सोमवार को होने वाले इस निर्णायक मुकाबले के दौरान जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला जनसंपर्क अधिकारी, स्थानीय विधायक सहित कई जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रहने की संभावना है।नेहरू मैदान में होने वाला यह फाइनल मुकाबला न केवल खेल का रोमांच बढ़ाएगा, बल्कि विभागों के बीच आपसी समन्वय और सौहार्द का भी प्रतीक बनेगा।

# ज़ाकिर झूँझुनूवाला प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त कार्यकर्ताओ ने हर्ष जताया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**



**पवन कुमार शर्मा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर खेल प्रकोष्ठ में नियुक्ति की घोषणा करते हुए नूआ निवासी ज़ाकिर झुनझुनूवाला को प्रदेश कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ का उपाध्यक्ष की महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमीन पठान ने नियुक्ति पत्र जारी करते हुए नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू की। संगठन को उम्मीद है कि झुनझुनूवाला खेल जगत में पार्टी की सक्रियता बढ़ाएगे और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ज़ाकिर की नियुक्ति पर खेल जगत और कांग्रेस कार्यक्रताओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद का सालासर पद यात्रियों के लिए दो दिवसीय सेवा शिविर 31 से

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लक्ष्मणगढ नागरिक परिषद की ओर से सालासर पद यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर सालासर मार्ग पर सनवाली गांव स्थित जांगिड व्यावसायिक परिसर में 31 मार्च और 1 अप्रैल को आयोजित होगा। शिविर का शुभारम्भ नागरिक परिषद की कोलकाता स्थित केन्द्रीय इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुगल किशोर जाजोदिया व अशोक चूड़ीवाला, केन्द्रीय सचिव संदीप तोदी व सह सचिव सुरेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में मंगलवार सुबह सवा ग्यारह बजे श्रीराम-हनुमान की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सामूहिक आरती गायन के साथ होगा। परिषद के सचिव निशान्त गोयनका ने बताया कि शिविर में शीतल तरबूज रस, गर्म चाय-कॉफी, शुद्ध पेयजल तथा अल्पाहार के साथ पद यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। इसके अलावा शिविर स्थल पर पद यात्री अल्प विश्राम भी कर सकेंगे। शिविर में परिषद की तीनों स्थानीय इकाइयों तथा कोलकाता से आये हुए केन्द्रीय इकाई के के पदाधिकारी एवं सदस्य अपनी सेवाएं देंगे। यह दो दिवसीय शिविर दिन-रात चलेगा।

# नीरपुर गांव से 21 किमी. हाफ मैराथन दौड़ हुई, अरावली व हरियाली बचाओ मुख्य थीम रहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडी अटेली।**



**मनोज बुलाण ।** अटेली खंड के गांव नीरपुर में रविवार को हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुषों ने हिस्सा लिया। मैराथन का थीम रन फोर अरावली, ग्रीन अरावली, रन अरावली अरावली रहा। ग्राम नीरपुर स्थित एक्युम क्लब परिसर में आयोजित इस भव्य मैराथन में लगभग 800 धावकों ने हिस्सा लिया. प्रतिभागियों ने 21,10, 4 किमी हाफ मैराथन दौड़ हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व सीएम के ओएसडी अभिमन्यू सिंह रहे। समारोह में जिला प्रमुख राकेश कुमार, एसडीएम मनोज कुमार, सीटीएम मंगल सैन, चेयरमैन सुनिल राव, जिला पार्षद अजीत सिंह धन्नौदा, पार्षद देवेंद्र खातौद, देवी सिंह सरपंच कांटी विशेष मौजूद रहे। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। गांव सरपंच रतन सिंह ने बताया कि मैराथन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिटनेस और खेलों की ओर प्रेरित करना तथा समाज में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। साथ ही आयोजन की थीम माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और अरावली क्षेत्र के संवर्धन का संदेश भी प्रभावी ढंग से दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में गजब का उत्साह देखने को मिला। स्थानीय धावकों के साथ-साथ बाहर से आए रनर्स ने भी पूरे जोश के साथ भाग लेकर आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस प्रकार के बड़े आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास जारी रहेगा। 21 किमी. हाफ मैराथन दौड़ नीरपुर से शुरू हो कर बिहाली, कांटी, खेड़ी कान्हावास तक रही। मैराथन दौड़ में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पौधे व स्मृति चिन्ह भेंट किये।

# तीन दिन की जाम-झंझट पर विराम: गढ़ी सवाईराम फाटक-83 खुला, हाईवे पर फिर दौड़ी रफ्तार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** अलवर-करौली हाईवे पर स्थित गढ़ी सवाईराम फाटक संख्या-83 पर चल रहे रेलवे लाइन दोहरीकरण कार्य के कारण पिछले तीन दिनों से थमी रफ्तार को आखिरकार रविवार शाम राहत मिल गई। निर्धारित तकनीकी कार्य पूर्ण होने के बाद शाम करीब चार बजे फाटक को यातायात के लिए खोल दिया गया, जिससे वैकल्पिक संकरे मार्गों से होकर गुजरने की मजबूरी झेल रहे वाहन चालकों और यात्रियों को बड़ी राहत मिली। 'रास्ते बंद हों तो सफर भी बोझ बन जाता है, और जब राह खुल जाए तो मंजिल खुद मुस्कुरा उठती है '–कुछ ऐसा ही नजारा फाटक खुलते ही देखने को मिला, जहां पिछले तीन दिनो से जाम और असुविधा से जूझ रहे लोगों ने राहत की सांस ली। रेलवे प्रशासन द्वारा दोहरीकरण कार्य के तहत इस फाटक को मूलत: 26 मार्च से बंद किया जाना प्रस्तावित था, किंतु विवाह सीजन और जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए एक दिन की मोहलत देकर 27 मार्च से इसे पूर्णतया बंद किया गया। इस अवधि में उपखंड प्रशासन की अनुमति के बाद उक्त फाटक को बंद रखा गया और नियमानुसार तकनीकी मानकों की पूर्ति के बाद रविवार को इसे पुन: खोल दिया गया। स्टेशन मास्टर आर.पी. मीणा ने बताया कि सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया, जिसके बाद ही आवागमन बहाल किया गया। फाटक बंद रहने के दौरान हाईवे पर आवागमन ठप होने से वाहन चालकों को लंबा फेर लेकर वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा, जहां संकरे रास्तों और बढ़ते दबाव के चलते जाम की स्थिति बनी रही। इसका सीधा असर मंडावर शहर के मुख्य बाजार से लेकर बस स्टैंड तक देखने को मिला, जहां यातायात का दबाव असामान्य रूप से बढ़ गया और आमजन को खासी परेशानी उठानी पड़ी। 'तंग गलियों में जब भीड़ उतरती है, तो कदम-कदम पर ठहराव आ जाता है '–यह स्थिति पिछले तीन दिनों में शहरवासियों ने बखूबी महसूस की। इस पूरे घटनाक्रम में ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस की भूमिका भी उल्लेखनीय रही, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में यातायात व्यवस्था को संभालने के लिए लगातार मशक्कत की। फाटक खुलते ही जहां आमजन को राहत मिली, वहीं पुलिस प्रशासन ने भी चैन की सांस ली।

# सलेमपुर पुलिस ने नकबजनी की बड़ी वारदात का किया पर्दाफाश, डेढ़ लाख के चांदी जेवरात बरामद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सलेमपुर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** गांव ढण्ड में हुई नकबजनी की बड़ी वारदात का सलेमपुर थाना पुलिस ने परत-दर-परत खुलासा करते हुए चोरी गए चांदी के जेवरात बरामद कर कानून की साख को फिर मजबूती दी है। 'चोर चाहे कितनी भी चालाकी कर ले, सच्चाई की डोरी देर-सवेर हाथ आ ही जाती है '–इसी कहावत को सच साबित करते हुए पुलिस ने करीब 500 ग्राम चांदी के जेवरात, जिनकी वर्तमान कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये आंकी गई है, बरामद कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। महवा सीओ मनोहरलाल मीना के सुपरविजन और थानाधिकारी संतचरण गुर्जर के नेतृत्व में गठित टीम ने पुराने प्रकरण में अथक प्रयास करते हुए आरोपी तक पहुंच बनाई। यह मामला 20 सितंबर 2024 को दर्ज हुआ था, जब परिवादिया शीला देवी पत्नी जगदीश महावर निवासी ढण्ड ने रिपोर्ट दी थी कि 17 सितंबर की सुबह वह मजदूरी के लिए खेत पर गई थी और कुछ समय बाद उसकी पुत्री भी घर से निकल गई। इसी दौरान अज्ञात चोर ने सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखे चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वारदात में कमर की कनकटी, पायजेब, सांट, बिछिया, चांदी का मंगलसूत्र और नगद राशि सहित कीमती सामान चोरी हो गया, जिससे परिवार को गहरा आर्थिक आघात पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और लगातार तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर तंत्र के सहारे आरोपी की तलाश जारी रखी। आखिरकार पुलिस ने बयाना जेल में बंद आरोपी तोताराम सैनी पुत्र भगवान सहाय सैनी निवासी बालाहेड़ा थाना बैजूपाड़ा को डिटेन कर गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गया माल बरामद कर लिया गया, जिसमें करीब 200 ग्राम की पायजेब की जोड़ी, 65 ग्राम की सांट, 250 ग्राम की कनकटी, 21 ग्राम का मंगलसूत्र और बिछिया शामिल हैं। पुलिस ने बरामदगी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया है, जबकि मामले में अन्य संभावित कड़ियों की जांच भी जारी है।

# नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा शिविर में 95 रोगी हुए लाभान्वित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**



मार्च : लक्ष्मणगढ नागरिक परिषद की ओर से यहां सेवा मन्दिर भवन में रविवार को एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य-परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें 95 रोगी लाभान्वित हुए। परिषद के सचिव निशान्त गोयनका ने बताया कि शिविर में 71 नेत्र रोगियों की जांच कर 13 आपरेशन योग्य व्यक्तियों का चयन किया गया जिनका आपरेशन आज ही सीकर स्थित टीबड़ा आई हॉस्पिटल एवं रेटिना सेंटर में परिषद के खर्च पर फेको पद्धति से कराया जाएगा। शेष नेत्र रोगियों को दवा दी गई। इनके अलावा शिविर में 17 रोगियों ने आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ उठाया जबकि शेष रोगी ईसीजी, ब्लड शुगर व ब्लड प्रेशर जांच व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हुए । शिविर में आये सभी रोगियों को चिकित्सकों के परामर्श पर सात दिन की दवाइयां मुफ्त दी गई ।युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनील बूबना ने बताया कि सीकर स्थित टीबड़ा नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सकों व सहकर्मियों ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इसी क्रम में परिषद से जुड़े वैद्य लालचन्द शर्मा की नि:शुल्क सेवाएं भी शिविर में विशेष रूप से सुलभ कराई गई थी। नागरिक परिषद की स्थानीय युवा प्रकोष्ठ के मेहुल खेड़िया ने रजिस्ट्रेशन करने, मरीजों को सम्बन्धित कक्ष तक पंहुचाने, दवा वितरण आदि विभिन्न कार्यों के व्यवस्थित संचालन में अपनी सेवाएं दी।परिषद के सेवाकर्मी आशीष पाराशर, विकास सैनी, पवन शर्मा, आनंद चूड़ीवाला, नरेश सैनी, बाबूलाल बिजारणिया व श्यामसुन्दर चमड़िया ने भी शिविर संचालन में सहयोग किया।

## अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने का संकल्प:

# मंडावर में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न, बूथ से शिखर तक संगठन सशक्त करने की हुंकार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**



**मनोज खंडेलवाल ।** शहर के पंचायती धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी मंडल मंडावर द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला' रविवार को अनुशासन, उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। भाजपा मंडल मंडावर के नेतृत्व में चले इस महाअभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं की भागीदारी और सक्रियता ने यह स्पष्ट कर दिया कि 'जड़ें मजबूत हों तो शाखाएं खुद-ब-खुद आसमान छूने लगती हैं।' कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में वरिष्ठ प्रवक्ताओं ने पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना और आगामी रणनीतियों पर गहन मार्गदर्शन देकर कार्यकर्ताओं को नई दिशा दी। मुख्य सत्र में जिलाध्यक्ष लक्ष्मी रैला ने 'अंत्योदय से संतृप्ति' के मूल मंत्र को केंद्र में रखते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सुनिश्चित रूप से पहुंचे, यही संगठन की असली कसौटी है। पूर्व जिलाध्यक्ष टीकमसिंह गुर्जर ने भाजपा के संघर्षपूर्ण इतिहास और विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए बताया कि पार्टी की नींव त्याग, तप और सेवा की भावना पर टिकी है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि पालीवाल ने पार्टी की विशिष्ट कार्य पद्धति और अनुशासित संगठन प्रणाली को विस्तार से समझाया। समय के साथ कदमताल करते हुए जिला उपाध्यक्ष मंजूलता जाटव ने डिजिटल युग में संगठन की मजबूती के लिए सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण दिया, जिससे कार्यकर्ताओं को आधुनिक तकनीक के माध्यम से जनसंवाद और जनसेवा के नए आयामों से परिचित कराया गया। जिला उपाध्यक्ष सोमेश विजय ने बूथ प्रबंधन की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए 'मन की बात' कार्यक्रम की महत्ता समझाई और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का मंत्र दिया। 'बूथ जीता तो चुनाव जीता '–इस भाव के साथ कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ।

कार्यशाला के दौरान वक्ताओं ने एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए संगठन को जमीनी स्तर तक अभेद्य बनाने का संकल्प दिलाया। समापन सत्र में डॉ. सुमेश विजय, कमलेश जोशी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, अनुशासन और सेवा भाव को सर्वोपरि बताते हुए कार्यकर्ताओं को निरंतर सक्रिय रहने की प्रेरणा दी। राष्ट्रीय गीत के साथ संपन्न इस प्रशिक्षण महाअभियान में मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र संयोजक, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का सामूहिक प्रण लिया। 'सफर वही सफल होता है, जहां इरादों में दम और कदमों में एकजुटता होती है '–मंडावर की इस कार्यशाला ने यही संदेश देकर यह साबित कर दिया कि संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण में ही निहित है।

# प्रधानमंत्री जी के विचारों से राष्ट्र निर्माण को मिल रही नई दिशा: सुभाष बराला

## राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने किया नागरिकों के साथ 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**



**रजत विजय रंगा ।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने रविवार को गाँव सिधानी के बूथ नंबर एक पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। उन्होंने पार्टी के सैकड़ों समर्पित कार्यकर्ताओं, गाँव के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं और युवाओं के साथ मिलकर प्रधानमंत्री जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 132वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना। सांसद बराला ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक एकजुटता के प्रति जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों को आत्म जीवन में उतारने का आह्वान किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता, स्वच्छता, नवाचार एवं सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ये विचार हर नागरिक को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं और समाज के सभी वर्गों में जागरूकता व जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जब आमजन इन संदेशों को अपने जीवन में अपनाते हैं, तो विकास की गति और अधिक तेज होती है तथा उसका लाभ समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचता है। उन्होंने कि सामूहिक प्रयासों से ही देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। जनभागीदारी और आत्मनिर्भरता जैसे मूल मंत्र न केवल व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, बल्कि देश को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। बराला ने कहा कि स्वच्छता, नवाचार और सामाजिक उत्थान जैसे विषय केवल योजनाओं तक सीमित नहीं रहने चाहिए, बल्कि इन्हें व्यवहार में उतारना आवश्यक है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि 'मन की बात' एक ऐसा सशक्त माध्यम बन चुका है, जो देश के प्रत्येक वर्ग को जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है। देश की सभ्यता, संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है, जिससे नई पीढ़ी अपनी जड़ों से जुड़ी रह सके। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से प्राप्त संदेशों को केवल सुनना ही नहीं, बल्कि उन्हें व्यवहार और कार्यशैली में आत्मसात करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन प्रेरणादायी विचारों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाएं, ताकि आत्मनिर्भर, सशक्त और समरस भारत के संकल्प को मजबूती मिल सके। उन्होंने एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हर व्यक्ति अपनी माँ के सम्मान में एक पेड़ लगाए और उसकी देखभाल करे, तो यह न केवल प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को दर्शाएगा, बल्कि भावनात्मक रूप से भी समाज को जोड़ने का कार्य करेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष किरण शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष विक्की कामरा, चैयरमेन जगजीत नड़ेल, सोनू सरपंच, संजू सिधानी, अरुण गुप्ता, अमरीक सिंह, सतीश, आशु बांसल, गुरजेंट सिधानी, बिक्रम सिधानी सही बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद, नाबालिग की चाकू मारकर हत्या

**बाहरी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के रानी बाग इलाके में शुक्रवार की देर रात एक शादी समारोह के दौरान गाना बजाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। चाकूबाजी की इस घटना में साढ़े 17 वर्षीय नाबालिग की मौत हो गई, जबकि उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कुछ नाबालिगों समेत सात लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात शादी समारोह में दो पक्षों के युवकों के बीच अपनी-अपनी पसंद का गाना डीजे पर चलाने को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ा और एक पक्ष ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में नाबालिग के सीने में चाकू लगा, जबकि उसके साथी सनी को कमर के नीचे चोट आई। दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान नाबालिग ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, एसीपी, एसएचओ और क्राइम टीम मौके पर पहुंची। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक और घायल युवक रोहिणी के नाहरपुर इलाके के रहने वाले हैं। मृतक मोटर मैकेनिक का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देर रात तक चली छापेमारी में कुछ नाबालिगों समेत सात लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। फरार अन्य आरोपितों का पुलिस पता लगा रही है।

### कमजोर बच्चों की पहचान के लिए दिल्ली सरकार चलाएगी विशेष अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार अप्रैल में पूरे शहर में एक अभियान चलाएगी, ताकि कमजोर बच्चों की पहचान की जा सके, उन्हें वेलफेयर स्कीम से जोड़ा जा सके और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जागरुकता बढ़ाई जा सके। महिला और बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी), नान-प्राफिट संस्थाओं के साथ मिलकर, झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वालों को मौजूद सपोर्ट सिस्टम के बारे में जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाएगा। विभाग की जानकारी के अनुसार 2023 में चाइल्ड हेल्पलाइन के इमरजेंसी नंबर 112 के साथ मर्ज होने के बाद, 2023 और 2025 के बीच 2,18,699 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 14,684 मामले डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट्स (डीसीपीयूए) को भेजी गईं। इनमें बच्चों के साथ गलत व्यवहार की 4,249, काउंसलिंग सपोर्ट की 1,951, लापता बच्चों से संबंधित 1,984 और बच्चों और परिवार से जुड़े मामले 1,114) शामिल थे।

### व्यक्ति को मार सकते हैं, लेकिन विचारों को नहीं: बाबा रामदेव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे जाने पर बाबा रामदेव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि आप व्यक्ति को तो मार सकते हैं, लेकिन उसके विचारों को नहीं। जब उनसे पूछा गया किखामेनेई को नेतन्याहू ने मार दिया, आपको क्या लगता है, यह सही है या गलत। इस पर बाबा रामदेव ने कहा, ''आप किसी व्यक्ति को मार सकते हो, लेकिन उसके जज्बे, विचार, दर्शन, सोच, वीरता को कम नहीं कर सकते।'' उन्होंने आगे कहा कि मैं बहुत ज्यादा नहीं जानता ईरान के बारे में, लेकिन इतना जरूर जानता हूं कि यह पैगंबर मुहम्मद के खानदान के रियल लोग हैं, जिन्हें शिया कहा जाता है। इन्हें न कोई हरा सकता है और न ही मिटा सकता है। कम से कम एक नहीं, नौ-दस करोड़ की आबादी में एक करोड़ से ज्यादा लोग खामेनेई के विचार को रोम-रोम से जीते हैं। आप कैसे उसे खत्म कर देंगे? यह अमेरिका की एक तरह से राजनैतिक अपरिपक्वता है। ट्रंप और नेतन्याहू को युद्ध और मानवता के अपराधी हैं। इसका युद्ध का खामियाजा 50-100 सालों तक इजरायल-अमेरिका को भुगतना होगा। न इसमें अमेरिका-इजरायल जीत सकते हैं और न तो इसमें ईरान हार सकता है। अमेरिका और इजरायल ने मिलकर हमला बोल दिया था।

# कैग रिपोर्ट में खुला यमुना की दुर्दशा का कच्चा चिट्ठा, जल मंत्री बोले- सुधार के लिए शुरू हो चुका है काम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना की खराब हालत और पानी-सीवर व्यवस्था की कमजोरियों को लेकर कैग रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 200 एमजीडी से ज्यादा बिना ट्रीटमेंट का सीवेज सीधे यमुना में जा रहा है, जबकि 1000 से अधिक कॉलोनियां अब भी सीवर नेटवर्क से बाहर हैं। इस मुद्दे पर जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने माना कि वर्षों से चली आ रही व्यवस्थागत कमियों के कारण हालात बिगड़े हैं, लेकिन अब सरकार ने सुधार के लिए ठोस और समयबद्ध योजना पर काम शुरू कर दिया है।

मंत्री ने कहा कि दिल्ली को करीब 1200 एमजीडी पानी की जरूरत है, जबकि सप्लाई लगभग 1000 एमजीडी ही हो रही है। इसके अलावा नॉन-रेवेन्यू वाटर लॉस 45 से 53 फीसदी तक पहुंच गया है, जो सिस्टम की बड़ी कमजोरी को दिखाता है। करीब 30 लाख घरों में नियमित जल कनेक्शन नहीं होने से समस्या और बढ़ रही है। मंत्री ने कहा कि यमुना की सफाई का सबसे बड़ा रास्ता बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज को रोकना है। इसके लिए 35 नए और अपग्रेडेड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे और ट्रीटमेंट क्षमता 1500 एमजीडी तक बढ़ाई जाएगी। नजफगढ़ नाले समेत बड़े नालों का इन-सीटू ट्रीटमेंट भी योजना में शामिल है। उन्होंने दावा किया कि अगले 2 से 2.5 साल में ट्रीटमेंट क्षमता जरूरत से ज्यादा हो जाएगी। सीवर नेटवर्क को लेकर भी सरकार ने बड़ा लक्ष्य रखा है। अभी करीब 20 लाख घर इससे बाहर हैं। सरकार 1799 अनधिकृत कॉलोनियों तक सीवर लाइन पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।



पिछले एक साल में 180 किलोमीटर से ज्यादा नई लाइन बिछाई गई है और 400 से अधिक कॉलोनियों में काम जारी है। सेप्टिक टैंक सिस्टम में गड़बड़ियों को खत्म करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड नई पारदर्शी व्यवस्था ला रहा है। इसमें डिजिटल बुकिंग और अपने टैंकर शामिल होंगे।

जल बोर्ड को 4988 करोड़ का नुकसान

विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने भी कैग रिपोर्ट के अहम बिंदु सदन में रखे। उन्होंने बताया कि जल नीति का अभाव, परियोजनाओं में देरी, भूजल प्रबंधन की कमी और करीब 4988 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान जैसे गंभीर मुद्दे सामने आए हैं। अध्यक्ष ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि रिपोर्ट पर तय समय में एक्शन टेकन नोट दें, ताकि संबंधित समितियां जांच शुरू कर सकें। दिल्ली के सरकारी विश्वविद्यालयों की हालत पर कैग रिपोर्ट ने कई चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे हैं। कुछ विश्वविद्यालयों की हालत बेहद खराब है। दिल्ली टीचर्स यूनिवर्सिटी आज भी एक स्कूल की बिल्डिंग में चल रही है, जबकि तीन विश्वविद्यालयों में कुल मिलाकर केवल तीन छात्र ही दाखिल हैं। पिछले साल भी यह संख्या सिर्फ 20 थी। इसी तरह दिल्ली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी सीमित कमरों में चल रही है और वहां पढ़ने वाले छात्रों के भविष्य को लेकर भी स्पष्टता नहीं है। विधानसभा में शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि रिपोर्ट से साफ है कि पिछले वर्षों में उच्च शिक्षा व्यवस्था में गंभीर गड़बड़ियां रही हैं। दिल्ली विधानसभा में 2018 से 2023 के बीच विश्वविद्यालयों के कामकाज पर आई कैग रिपोर्ट को लेकर सरकार ने बड़ा खुलासा किया। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने सदन में कहा कि रिपोर्ट ने विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली, नीतियों और प्रबंधन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट में वित्तीय कुप्रबंधन, मानव संसाधन की कमी और अकादमिक स्तर पर कमजोरियों को साफ तौर पर उजागर किया गया है। कई फैसले बिना योजना के लिए गए, जिनका असर आज भी दिख रहा है। दिल्ली स्किल एंड एंटरप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि पॉलिटेक्निक संस्थानों को इसमें शामिल तो कर दिया गया, लेकिन इससे छात्रों और शिक्षकों के सामने अनिश्चितता पैदा हो गई। कई जगह छात्र और शिक्षक दोनों विरोध कर रहे हैं। कैग रिपोर्ट से पता चला कि 16 साल तक एडमिशन सिस्टम सही तरीके से काम नहीं किया। न स्पष्ट एडमिशन पॉलिसी थी, न माइग्रेशन का सिस्टम। पांच साल तक विश्वविद्यालयों के ऑडिटेड अकाउंट्स भी सदन में पेश नहीं किए गए।

## क्या कार्रवाई की गई है, और कैसे?

# टेल्मिसार्टन सहित कई बीपी दवाएं गुणवत्ता टेस्ट में फेल, मरीजों के लिए बढ़ा 'साइलेंट' खतरा

**नई दिल्ली, एजेसी।** पूरे देश में, 'टेल्मिसार्टन' हाई ब्लड प्रेशर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवा के कई ब्रांड और बैच सरकारी क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए हैं। भारत सरकार के सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, अलग-अलग कंपनियों द्वारा बनाई गई ब्लड प्रेशर की दवाओं में क्वालिटी से जुड़ी कमियां (खास तौर पर, 'घुलने में विफलता') पाई गई हैं। इससे यह खतरा पैदा हो गया है कि मरीज़ों का ब्लड प्रेशर बिना किसी लक्षण या चेतावनी के अनियंत्रित रह सकता है। आधिकारिक जांच में, टेल्मिसार्टन के कई ब्रांड और बैच 'स्टैंडर्ड क्वालिटी के नहीं' पाए गए। नतीजतन, पूरे देश में एक बढ़ते, खामोश स्वास्थ्य खतरे जो बिना किसी स्पष्ट संकेत के सामने आता है, उसको लेकर चिंताएं और गहरी हो गई हैं। जांच से पता चला कि जहां अलग-अलग कंपनियां इस दवा को अलग-अलग ब्रांड नामों से बनाती हैं, वहीं लगभग दस अलग-अलग दवा निर्माताओं के प्रोडक्ट क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गए। इन दवाओं में पाई गई सबसे बड़ी कमी 'घुलने में विफलता' थी। एक ऐसी स्थिति जिसमें दवा शरीर के अंदर ठीक से घुल नहीं पाती है। इसके परिणामस्वरूप, दवा की असरदारता या तो काफी कम हो जाती है या वह पूरी तरह से बेअसर हो जाती है। कुछ मामलों में, जांच में 'एसे विफलता' (एक ऐसी स्थिति जहां दवा में मौजूद असली एक्टिव फार्मास्यूटिकल इंग्रीडिएंट तय मानक से कम होता है या पूरी तरह से गायब होता है) भी सामने आई। खास बात यह है कि यह समस्या सिर्फ टेल्मिसार्टन तक ही सीमित नहीं है; रिपोर्ट बताती है कि ब्लड प्रेशर की अन्य दवाओं-जैसे एनालाप्रिल,



एटेनोलोल, मेटोप्रोलोल और लैबेटालोल के बैच भी टेस्टिंग के दौरान क्वालिटी मानकों को पूरा करने में फेल रहे। यह साफ है कि यह समस्या किसी एक कंपनी की दवा तक सीमित नहीं है, बल्कि कई निर्माताओं द्वारा बनाए गए दवाओं के बैचों को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यह स्थिति विशेष रूप से खतरनाक है क्योंकि मरीज़ों को कोई संकेत नहीं मिलता कि उनकी दवा बेअसर है। न तो कोई साइड इफ़ेक्ट दिखाई देते हैं, और न ही कोई तत्काल शारीरिक बदलाव होते हैं जो मरीज़ को सचेत कर सकें। हालांकि, इन दवाओं का लगातार इस्तेमाल करने के बावजूद, मरीज़ का ब्लड प्रेशर अनियंत्रित ही रहता है। इससे दिल के दौरे और स्ट्रोक का खतरा काफी बढ़ जाता है। नियमों के अनुसार, क्वालिटी टेस्ट में फेल हुए दवाओं के बैचों को बाज़ार से वापस मंगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। संबंधित कंपनियों से स्पष्टीकरण माँगे गए हैं; यदि उनकी कोई गलती साबित होती है, तो लाइसेंस रद्द करने, उत्पादन पर रोक लगाने या अन्य कानूनी कार्रवाई जैसी कदम उठाए जाएँगे।

## ईरान के चक्रव्यूह में घिरा इस्राइल: हिजबुल्ला और हमास के बाद अब यमन से भी हुए मिसाइल हमले

**तेलअवीव, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध अब नए और खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। इस्राइल अब सिर्फ ईरान, हिजबुल्ला और हमास से ही नहीं, बल्कि यमन से भी हमलों का सामना कर रहा है। यमन से पहली बार मिसाइल दागे जाने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं। इससे साफ संकेत मिल रहा है कि इस्राइल अब चारों तरफ से घिरता जा रहा है और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है।



इस्राइली सेना के मुताबिक, शनिवार सुबह यमन की ओर से एक मिसाइल दागी गई। इसके बाद बीयर शेबा और परमाणु रिसर्च सेंटर के आसपास सायरन बजने लगे। इससे पहले भी ईरान और हिजबुल्ला लगातार हमले कर रहे थे। यमन के हूती विद्रोही, जो तेहरान समर्थित माने जाते हैं। वो अब इस युद्ध में खुलकर उतरते दिख रहे हैं, हालांकि उन्होंने इस हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

हूती विद्रोही लंबे समय से यमन की राजधानी सना पर कब्जा किए हुए हैं। अब उनके प्रवक्ता ने साफ संकेत दिया है कि अगर ईरान पर हमले जारी रहे तो वे सीधे सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी उंगलियां ट्रिगर पर हैं। इससे यह साफ हो गया है कि युद्ध का दायरा और बढ़ सकता है। इस्राइल पर एक साथ कई दिशाओं से दबाव बढ़ रहा है। ईरान लगातार मिसाइल हमले कर रहा है। हिजबुल्ला लेबनान से हमला कर रहा है। गाजा से हमास सक्रिय है और अब यमन से भी खतरा बढ़ गया है। इससे इस्राइल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा दबाव बन गया है।

# वेलफेयर फ्रॉड को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार ने बनाया टास्क फोर्स

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** ट्रंप सरकार ने वेलफेयर प्रोग्राम में फ्रॉड पर रोक लगाने के लिए एक फेडरल टास्क फोर्स शुरू की है। उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने चेतावनी दी है कि यह समस्या बहुत बड़ी परेशानी बन गई है जिससे टैक्सपेयर का पैसा खत्म हो रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की एक मीटिंग में उपराष्ट्रपति वेंस ने कहा कि सरकार एंटी-फ्रॉड सेफगार्ड्स को फिर से लागू करेगा और फेडरल बेनिफिट प्रोग्राम्स में गलत इस्तेमाल का पता लगाने के लिए क्रॉस-डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेशन लागू करेगा। उन्होंने कहा, 'हमें फ्रॉड के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। सालों से मौजूद प्रोटेक्शन बंद कर दिए गए थे और उन्हें फिर से लागू करने की जरूरत थी। हम उन एंटी-फ्रॉड प्रोटेक्शन को फिर से चालू करने जा रहे हैं।'

उन्होंने कहा कि इस कोशिश में पूरी सरकार का नजरिया शामिल होगा, जिसमें स्वास्थ्य, हाउसिंग, कृषि और वित्त के कामों को संभालने वाली एजेंसियों को एक साथ लाया जाएगा ताकि गड़बड़ियों की पहचान की जा सके और इंटेलिजेंस शेयर की जा सके। वेंस ने कहा, 'यह सिर्फ अमेरिकी लोगों के पैसे की चोरी नहीं है, यह उन जरूरी सेवाओं की भी चोरी है जिन पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं।'

उन्होंने मिनेसोटा में मेडिकेड से जुड़ी सेवाओं का उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि धोखाधड़ी की गतिविधियों के कारण ऑटिज्म से प्रभावित बच्चों और उनके परिवारों के लिए निर्धारित लाखों-करोड़ों



डॉलर का फंड दूसरी जगह भेज दिया गया। बता दें, ऑटिज्म एक एक न्यूरो-डेवलपमेंटल स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सामाजिक बातचीत, सामान्य बातचीत और व्यवहार में चुनौतियां आती है। उन्होंने कहा, 'ऐसे परिवार हैं जिन्हें इन सेवाओं की जरूरत है, जो इन्हें नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि लोग फ्रॉड स्कीम से अमीर हो रहे हैं।' टास्क फोर्स को लीड कर रहे एक अधिकारी ने कहा कि फ्रॉड ने सरकारी प्रोग्राम्स पर लोगों का भरोसा खत्म कर दिया है और अगर इसे रोका नहीं गया तो इसके बड़े नतीजे होंगे। अधिकारी ने कहा, 'स्कैम उस सामाजिक भरोसे को खत्म कर देता है जिस पर ये प्रोग्राम और हमारा पूरा देश निर्भर करता है।' उन्होंने इस संकट को अस्तित्व का खतरा बताया और इससे निपटने के लिए एक राष्ट्रीय रणनीति बनाने का वादा किया। अधिकारी ने आगे कहा कि टास्क फोर्स अपराधियों पर मुकदमा चलाने और फेडरल बेनिफिट सिस्टम में जवाबदेही सुनिश्चित करने में न्यायिक विभाग की मदद करेगी। व्हाइट हाउस के सीनियर सलाहकार स्टीफन मिलर ने कहा कि कई वेलफेयर प्रोग्राम लिमिटेड वेरिफिकेशन के साथ चलते हैं, जिससे गलत इस्तेमाल बढ़ता है। उन्होंने कहा, 'हमारी सभी प्रणालियां एक उच्च-विश्वास वाली समाज के लिए बनाई गई थीं। कुछ मामलों में तो लोगों के नामांकन से पहले किसी तरह का सत्यापन भी नहीं किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि लोग बिना चेक के बेनिफिट पाने के लिए व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी को गलत तरीके से बता सकते हैं। अमेरिकी अधिकारी ने इसे अमेरिकी टैक्सपेयर के डॉलर की बड़ी चोरी बताया। मिलर ने पॉलिटिकल विरोधियों पर एनफोर्समेंट मैकेनिज्म को कमजोर करने और ओवरसाइट की कोशिशों का विरोध करने का भी आरोप लगाया और कहा कि प्रोग्राम डेटा की जांच करने की कोशिशों को रोक दिया गया था। वेंस ने कहा कि टास्क फोर्स को कैबिनेट में सभी का समर्थन है और वह जस्टिस विभाग में नए नेतृत्व के साथ मिलकर एंटी-फ्रॉड एनफोर्समेंट को तेज करने के लिए काम करेगी।

# इंडोनेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लागू, माता-पिता ने सराहा

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने शनिवार से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लागू करना शुरू कर दिया। नए सरकारी नियम के तहत अब बच्चे यूट्यूब, टिकटॉक, फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स, एक्स, बिगो लाइव और रोबॉक्स पर अकाउंट नहीं बना पाएंगे। सरकार का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य बच्चों को अश्लील फिल्में, साइबर बुलिंग, ऑनलाइन घोटाले और डिजिटल लत जैसी खतरनाक चीजों से सुरक्षित रखना है। इस निर्णय के साथ इंडोनेशिया दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग पर सख्त रोक लगाई।



**लगभग 70 मिलियन बच्चों पर होगा लागू:** इंडोनेशिया के संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेटुया हफिद ने मार्च में इस नियम की घोषणा करते हुए बताया कि यह लगभग 70 मिलियन बच्चों पर लागू होगा। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि नियम का पालन कराना आसान नहीं होगा, क्योंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स को नियमों के अनुरूप बनाना और 16 साल से कम उम्र के खातों को रिपोर्ट कराना चुनौतीपूर्ण है। मंत्री हफिद ने कहा यह निश्चित रूप से कठिन कार्य है, लेकिन हमें अपने बच्चों को बचाने के लिए कदम उठाने होंगे। इसे लागू करना आसान नहीं, लेकिन हमें इसे पूरा करना ही होगा।

**माता-पिता ने सराहा:** 13 वर्षीय मौरा मुन्थे, जो रोजाना लगभग चार घंटे सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम्स पर बिताती हैं, ने नए नियम के बारे में कहा कि उनकी राय '50-50' है, लेकिन वे ज्यादातर इस निर्णय के पक्ष में हैं। उनकी मां लेनी सिनुराया ने कहा कि सोशल मीडिया के चलते माता-पिता ने अपने बच्चों पर नियंत्रण खो दिया है और यह कदम बच्चों की सुरक्षा के लिए सही है।

सिनुराया ने बताया, 'आजकल जब हम बच्चों को किसी रेस्तरां में देखते हैं, उनके हाथ में हमेशा फोन होता है। वे तब तक नहीं खाते जब तक उन्हें फोन नहीं दिया जाता, और अगर नहीं दिया तो वे हंगामा करते हैं। मील टाइम का मतलब है।

### वॉशिंगटन में उड़ानों पर लगा ब्रेक, एयर ट्रैफिक सेंटर में रसायनिक दुर्गंध से ठप हुआ आसमान

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन और आसपास के इलाकों में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एयर ट्रैफिक कंट्रोल सेंटर में तेज केमिकल जैसी गंध आने के कारण कई बड़े एयरपोर्ट्स पर उड़ानों को रोकना पड़ा। अचानक लिए गए इस फैसले से यात्रियों को भारी परेशानी हुई और पूरे इलाके में हवाई सेवाएं कुछ समय के लिए ठप हो गईं। यह घटना सुरक्षा को लेकर बड़े सवाल भी खड़े कर रही है। जानकारी के मुताबिक, संघीय अधिकारियों ने बताया कि पोटोमैक ट्रैकन सेंटर में तेज रसायनिक दुर्गंध महसूस की गई, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट ऑपरेशन रोक दिए गए। जिन एयरपोर्ट्स पर असर पड़ा, उनमें रोनाल्ड रीगन वॉशिंगटन नेशनल एयरपोर्ट, वॉशिंगटन डलेस इंटरनेशनल एयरपोर्ट, बाल्टीमोर-वॉशिंगटन इंटरनेशनल एयरपोर्ट, शार्लोट्सविल-अलबेमार्ले एयरपोर्ट और रिचमंड इंटरनेशनल एयरपोर्ट शामिल हैं। यह सेंटर इन सभी क्षेत्रों की हवाई यातायात व्यवस्था संभालता है। पोटोमैक ट्रैकन एक टर्मिनल रडार अप्रोच कंट्रोल सुविधा है, जो वॉशिंगटन और आसपास के कई बड़े एयरपोर्ट्स की उड़ानों को कंट्रोल करती है। यहां से तय होता है कि कौन सी फ्लाइट कब लैंड करेगी और कब उड़ान भरेगी। ऐसे में यहां किसी भी तरह की तकनीकी या सुरक्षा समस्या का सीधा असर पूरे क्षेत्र की हवाई सेवाओं पर पड़ता है। फिलहाल इस गंध के पीछे की सटीक वजह साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर तुरंत उड़ानों को रोक दिया। बाद में जांच और सुरक्षा जांच के बाद हालात सामान्य होने लगे। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की प्रवक्ता क्रिस्टन एल्सोप ने बताया कि कंट्रोलर धीरे-धीरे काम पर लौट रहे हैं और उड़ानें जल्द सामान्य हो जाएंगी। यह इस महीने दूसरी बार है जब इसी तरह की रसायनिक दुर्गंध के कारण उड़ानों को रोकना पड़ा है। इससे पहले भी करीब एक घंटे के लिए उड़ानें बंद करनी पड़ी थीं।

# ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास होने के साथ ही विधानसभा सत्र का समापन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन वर्ष 2026-27 का ग्रीन बजट सर्वसम्मति से पास हो गया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और कैबिनेट मंत्रियों ने बजट पर चर्चा के दौरान इसकी खूबियां गिनाईं। इस दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि लगता है कि आम आदमी पार्टी ने सड़क पर ही रहने का फैसला कर लिया है। दिल्ली की जनता इन्हें अगली बार स्थायी सड़क पर ही कर देगी।

विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र के अंतिम दिन ग्रीन बजट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। हालांकि बजट में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया, लेकिन चर्चा के दौरान राजनीतिक माहौल काफी गरम रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली अब नई दिशा में आगे बढ़ेगी, जहां हर रुपये का हिसाब होगा और अधूरे काम पूरे किए जाएंगे। सत्र के दौरान साइकिल वितरण योजना को लेकर हुई बयानबाजी पर मुख्यमंत्री नाराज दिखीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बेटियों को लेकर किसी भी तरह की आपत्तिजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

विपक्ष की गैरहाजिरी सत्र में बड़ा मुद्दा बनी

आम आदमी पार्टी के विधायक लगातार सदन से दूर रहे, जिस पर सत्तापक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन्हें जनता ने अपनी आवाज उठाने के लिए चुना, वे ही सदन में नहीं आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि विपक्ष ने अब सड़क की राजनीति करने का फैसला कर लिया है। जनता इसका जवाब चुनाव में देगी।

वित्तीय स्थिति पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार दिल्ली पर करीब 47,000 करोड़ रुपये का कर्ज छोड़कर गई,



जिसमें 27,547 करोड़ रुपये अभी भी बकाया है। इसके अलावा कई बड़ी परियोजनाएं अधूरी छोड़ी गईं, जिनकी जिम्मेदारी अब वर्तमान सरकार को उठानी पड़ रही है। एक्सप्रेसवे परियोजनाओं में करीब 3,700 करोड़ रुपये, मेट्रो से जुड़ी परियोजनाओं में 9,087 करोड़ रुपये, अस्पताल निर्माण में 2,000 करोड़ रुपये से ज्यादा और डीएमआरसी-पीडब्ल्यूडी इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट्स में 1,031 करोड़ रुपये की देनदारी मिली। कई स्कूल और अस्पताल वर्षों से अधूरे पड़े थे, जिससे उनकी लागत लगातार बढ़ती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने इन लंबित देनदारियों को चुकाने का काम शुरू कर दिया है। खिलाड़ियों, स्कॉलरशिप, ईडब्ल्यूएस योजनाओं और किशोरी योजना से जुड़े भुगतान किए गए हैं। इसके अलावा एससी, एसटी और ओबीसी छात्रों की 114 करोड़ रुपये की ट्यूशन फीस और दिल्ली सरकार के कॉलेजों की 538 करोड़ रुपये की देनदारी भी निपटाई गई है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी की एक परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि बिना काम किए 250 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था, जो गंभीर अनियमितता को दर्शाता है। सीएम ने कहा कि डीटीसी करीब 99,000 करोड़ रुपये के घाटे में है, जबकि दिल्ली जल बोर्ड 91,000 करोड़ रुपये के नुकसान में चल रहा है। जल बोर्ड की बिलिंग प्रणाली को उन्होंने पूरी तरह विफल बताया, जिसके कारण लोगों को गलत और ज्यादा बिल मिले। अब सीएम प्रगति पोर्टल शुरू किया गया है, जिसके जरिए सभी परियोजनाओं की निगरानी होगी और उन्हें तय समय में पूरा किया जाएगा। सीएम ने कहा, मुनक नहर पर 5000 करोड़ रुपये की लागत से एलिवेटेड रोड, मेट्रो विस्तार, ईवी ट्रांजिशन और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। पर्यावरण के क्षेत्र में पहली बार 4200 हेक्टेयर रिज क्षेत्र को वन घोषित किया गया है और अगले चार वर्षों में 35 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

एक नजर



## असम से हर घुसपैठिए की पहचान कर हटाएंगे : अमित शाह

सोनितपुर (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को असम के सोनितपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम अभी तक असम से घुसपैठियों को हटाने में सफल नहीं हुए हैं। अगले 5 सालों में हम अपने राज्य से हर घुसपैठिए की पहचान करने और उसे हटाने का संकल्प लेते हैं। सोनितपुर रैली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए अमित शाह ने जनता से कहा, आपको ऐसे असम के लिए वोट देना चाहिए जो घुसपैठियों से मुक्त हो। आपको एक शांतिपूर्ण और विकसित असम के लिए वोट देना चाहिए। आपको असम के युवाओं के लिए अवसरों और रोजगार के लिए वोट देना चाहिए।



## दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के हमले में आईडीएफ सैनिक की मौत, पीएम नेतन्याहू ने जताया दुख

तेल अवीव(एजेंसी)। इजरायल डिफेंस फोर्स लगातार दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बना रहा है। इस बीच आईडीएफ ने रविवार सुबह बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात दक्षिणी लेबनान में सैनिकों पर हिज्बुल्लाह के रॉकेट हमले में इजरायल डिफेंस फोर्स का एक सार्जेंट मारा गया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सैनिक की मौत पर दुख जताया है। पैराट्रूपर्स ब्रिगेड की 890वीं बटालियन के 22 साल के सार्जेंट मोशे यित्जचक काट्ज, कनेक्टिकट के न्यू हेवन में चबाड कम्युनिटी के सदस्य थे। काट्ज के पिता मेंडी ने फेसबुक पर लिखा, मेरा बड़ा बेटा, जो जीवन के प्रति उत्साह और हंसी-मजाक से भरा था, मेरा दिल टूट गया है।



## पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटाने को सरकारी कर्मचारियों व संसाधनों का लेना पड़ा सहारा : अखिलेश यादव

दादरी(एजेंसी)। समाजवादी पार्टी ने दादरी में 'समाजवादी समानता भाईचारा' रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया, जहां पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए पीएम मोदी की रैलियों में भीड़ जुटाने के तौर-तरीकों से लेकर विकास के दावों तक कई सवाल खड़े किए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पीएम मोदी की रैली में भीड़ जुटाने के लिए सरकारी कर्मचारियों और संसाधनों का सहारा लेना पड़ा है। दादरी में आयोजित सपा की रैली में बड़ी संख्या में जुटे समर्थकों को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने मंच से कहा कि पूरे पंडाल में पार्टी के झंडे का लाल रंग छाया हुआ दिख रहा है।

# मोदी बोले: जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट, भारत चुनौती से निपट रहा



### अफवाहों में न आएं; सरकार की जानकारी पर भरोसा करें

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं। सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं।

**जंग के चलते ऊर्जा संकट:** साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है।

**अफवाहों में न आएं:** मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं । सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं।

मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे।



## मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का किया फ्लैग ऑफ

# युवा तरुणाई को सिंचित रखने के लिए तन और मन से स्वस्थ रहना जरूरी: मुख्यमंत्री

### सरकारी-निजी नौकरियों के साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान कर रही सरकार

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि तन और मन से स्वस्थ रहना सुखी जीवन का मूल आधार है। हमारा देश युवाओं का देश है और इसी युवा तरुणाई को सिंचित रखने के लिए स्वस्थ रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब युवा बढ़ेगा तभी समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। ऐसे में युवा अपने जीवन को सही दिशा में आगे बढ़ाएं और अपने उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए देश-प्रदेश के विकास में योगदान दें। शर्मा रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी में द टाइम्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित हाफ मैराथन को




संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सरकारी और निजी नौकरियों के साथ स्वरोजगार के अधिकाधिक अवसर प्रदान कर राज्य सरकार ने सवा दो साल में उनका भविष्य सुरक्षित करने का कार्य किया है। श्री शर्मा ने आह्वान करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार की योजनाएं और नीतियां युवाओं पर केंद्रीत हैं। युवा इनका स्वयं भी लाभ उठाएं और अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री ने हाफ मैराथन का फ्लैग ऑफ करने के बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस दौरान द टाइम्स ऑफ इंडिया के डायरेक्टर श्री अनुराग अग्रवाल, महिन्द्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लिमिटेड के एमडी-सीईओ श्री अमित कुमार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। मैराथन में लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

### पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

## पलक्कड़ में बोले- केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा

नई दिल्ली/ तिरुवनंतपुरम/ गुवाहाटी/ कोलकाता/ चेन्नई(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला। सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ [illegible], दूसरी तरफ [illegible]; एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। LDF और UDF की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।



अगर हम सत्ता में आ गए तो इनके सारे काले कारनामों की पोल खुल जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के त्रिशूर में रोडशो किया। केरल विधानसभा के 140 सदस्यों को चुनने के लिए 9 अप्रैल, 2026 को केरल में विधानसभा चुनाव होने निर्धारित हैं।

## पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख कमर बाजवा की मौत

**बाथरूम में फिसलने से सिर में गंभीर चोट आई थी, 1 महीने से हॉस्पिटल में थे**

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा का 65 साल की उम्र में शनिवार को निधन हो गया।



फरवरी में घर के बाथरूम में फिसलने के बाद उन्हें सिर में गंभीर चोट लगी थी, जिसके बाद रावलपिंडी के मिलिट्री अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था और वे ICU में भर्ती थे।

### सरकार ने फिर बदला RCA एडहॉक कमेटी का कन्वीनर

## डीडी कुमावत को हटाकर मोहित यादव को बनाया अध्यक्ष

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी में राज्य सरकार ने एक फिर बदलाव किया है। कमेटी कन्वीनर के साथ ही कुछ सदस्यों को भी बदला गया है। डीडी कुमावत की जगह भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव को कन्वीनर नियुक्त किया गया है। कमेटी में दो नए चेहरों को शामिल किया है। इनमें पूर्व मंत्री चंद्रराज सिंघवी के पोते अरिष्ट सिंघवी और हनुमानगढ़ के भादरा से विधायक संजीव बेनीवाल के बेटे अर्जुन बेनीवाल को सदस्य बनाया गया है। नई



एडहॉक कमेटी में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर, बीजेपी सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी को फिर जगह दी गई है। सरकार ने 9वीं बार एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया है।

## चैटजीपीटी की मदद से घर रु.9.5 करोड़ में बिका:रु.95 लाख ज्यादा कीमत मिली

अमेरिका(एजेंसी)।अमेरिका के फ्लोरिडा में एक शख्स ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) का इस्तेमाल करके अपना घर करीब 1 मिलियन डॉलर (लगभग 9.5 करोड़ रुपए) में बेच दिया है। मियामी में रहने वाले रॉबर्ट लेविन ने घर बेचने के लिए किसी रियल एस्टेट एजेंट की मदद नहीं ली, बल्कि चैटजीपीटी को अपना गाइड बनाया। लेविन ने केवल 5 दिनों के अंदर ही अपने घर की डील क्लोज कर दी। खास



बात यह है कि घर की जो कीमत लोकल एजेंट्स ने बताई थी, लेविन को AI की सलाह की वजह से उससे 95 लाख रुपए ज्यादा मिले।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**सऊदी-तुर्किये और मिस्त्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे, अमेरिका ने 3500 सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे**

तेहरान(एजेंसी)। ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्त्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्त्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे।


## मंजू राजपाल ने खरीफ 2026 को लेकर दिए निर्देश, उर्वरकों के संतुलित उपयोग और जैविक खेती पर जोर



जयपुर(नि.सं.)। खरीफ– 2026 के दौरान उर्वरकों के संतुलित एवं वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल ने पंत कृषि भवन में हाईब्रिड मोड में राज्य स्तरीय बैठक ली। बैठक में प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। इसमें यूरिया 3.76 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 83 हजार मीट्रिक टन, एनपीके 66 हजार मीट्रिक टन एवं एसएसपी 1.97 लाख मीट्रिक टन शामिल हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक है।

### भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत विश्व की वर्तमान परिस्थितियों में प्रासंगिक : वासुदेव देवनानी

जयपुर। महावीर जयंती के पावन अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में विधानसभाध्यक्ष देवनानी ने कहा कि



भगवान महावीर का जीवन सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और करुणा के उच्च आदर्शों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत विश्व की वर्तमान परिस्थितियों में आज भी प्रासंगिक हैं।

### जयपुर में RTO इंस्पेक्टर से धक्का-मुक्की

## सस्पेंड करवाने की धमकी दी; हाईवे के बीच में बस लगाकर जाम किया

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर में चालान को लेकर RTO इंस्पेक्टर से धक्का-मुक्की करने का मामला सामने आया है। रोड के बीच बस लगाकर हाईवे जाम कर RTO उड़नदस्ते के साथ बदसलूकी की। पॉलिटिकल पावर का हवाला देकर सस्पेंड करवाने की धमकी दी। ट्रांसपोर्ट नगर थाने में RTO इंस्पेक्टर की ओर से राजकार्य में बाधा व हाईवे जाम करने का मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने बताया- आरटीओ जयपुर-फर्स्ट देवेन्द्र सिंह (37) की ओर से ट्रांसपोर्ट नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह का आरोप है कि 27 मार्च की रात उड़नदस्ते पर जवानों के साथ वह ड्यूटी पर तैनात थे। रात करीब 10 बजे ट्रांसपोर्ट नगर के रोटरी सर्किल पर उड़नदस्ते की ओर से वाहनों की चैकिंग की जा रही थी। जयपुर से ऋषिकेश जा रही रिंकू ट्रेवल्स की सवारियों से भरी बस को चैकिंग के लिए रोका गया। बस रोकते ही उड़नदस्ते पर तैनात स्टाफ से ड्राइवर अरुण सिंह और उसके साथी दिनेश ने गाली-गलौज कर बदसलूकी की।

### याचिका खारिज | वैवाहिक अधिकार बहाली की याचिका खारिज

## पति को मिला तलाक:कोर्ट ने पत्नी के आरोपों में विरोधाभास मानते हुए क्रूरता को माना आधार

जयपुर(नि.सं.)। फैमिली कोर्ट जयपुर महानगर प्रथम (क्रम संख्या-4) ने 19 मार्च 2026 को पति-पत्नी के बीच चल रहे वैवाहिक विवाद में अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 9 के तहत पत्नी की वैवाहिक अधिकारों की बहाली की याचिका खारिज कर दी, जबकि धारा 13 के तहत पति की तलाक की अर्जी को मंजूर कर लिया। अदालत ने माना कि पत्नी यह साबित नहीं कर पाई कि पति बिना



किसी उचित कारण के उससे अलग हुआ था, वहीं पति अपने पक्ष में क्रूरता साबित करने में सफल रहा। दोनों की शादी 22 फरवरी 2016 को हुई थी और उनकी एक बेटी भी है। पति की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट डी.एस. शेखावत ने बताया- कोर्ट ने दोनों याचिकाओं की सुनवाई साथ में की, क्योंकि दोनों एक ही शादी से जुड़ी थीं और आरोप भी एक-दूसरे से जुड़े हुए थे। एडवोकेट डी.एस. शेखावत ने बताया- शादी के कुछ समय बाद ही दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया था। मामला इतना बढ़ा कि पत्नी ने साथ रहने के लिए कोर्ट में याचिका लगाई, जबकि पति ने तलाक की अर्जी दे दी। इसके बाद दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई हुई।

**दहेज के लिए ताने, मारपीट और घर से निकालने की बात**

पत्नी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि शादी के बाद उसे दहेज को लेकर परेशान किया गया। महिला ने बताया कि कम सामान लाने पर उसे ताने दिए गए, जादू-टोना करने वाली कहा गया।

## हिमाचल के लाहौल-स्पीति, जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

भोपाल/ लखनऊ/ शिमला/ देहरादून(एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, राजस्थान समेत सात राज्यों में रविवार को ओले गिरने की संभावना है। राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में शनिवार को ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी में बारिश हुई।

स्वतत्वाधिकारी, प्रकाशक, स्वामी, मुद्रक एवं संपादक-हरेश पंवार 'दासू भाई' द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट बुहाना रोड पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं से मुद्रित एवं पंवार सदन सहड़ का बास, पोस्ट पचेरी बड़ी, तहसील बुहाना जिला झुंझुनूं राजस्थान पिन-333515, से प्रकाशित। संपादक हरेश पंवार 'दासू भाई' मो. 9983040937 न्यूज़ एडिटर नवीन कुमार, मो. 7340091374